दैनिक

# भीम प्रज्ञा

2009 से स्थापित

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-25 Valid up to 31 dec. 2025

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-24 | झुंझुनू (राजस्थान) | रविवार, 14 दिसंबर, 2025 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00


**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

जो व्यक्ति अपने शब्दों को सोचकर और संयम से बोलता है, वही बिना शोर किए भी सबसे गहरी छाप छोड़ देता है।


गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880

Phone pe , G-pay
9983040937


# जहां पिता सफाईकर्मी,उसी स्कूल स्टाफ ने बेटियों की शादी कराई:

## 10 साल पहले हुई थी मौत; हल्दी से फेरे तक खर्च टीचर्स और गांव वालों ने उठाया

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**नागौर ।** रंग-बिरंगी रोशनी से नहाया सरकारी स्कूल भवन, कानों में रस घोलते मांगलिक गीत, नए-नए कपड़ों में ग्रामीण और स्कूल स्टाफ। पिछले करीब 10 दिन से यहां का माहौल ही कुछ ऐसा ही है। गांव वालों से लेकर स्कूल स्टाफ मांगलिक कार्यक्रम में व्यस्त हैं। 2 बेटियां लाल जोड़े में सजी-धजी बैठी हैं। पूरा माजरा समझने के लिए हम आपको डीडवाना-कुचामन जिले के ललासरी स्थित गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल ले चलते हैं। स्कूल के प्रिंसिपल हरवीर सिंह जाखड़ की पहल ने दो बेटियों को अपनेपन की वो छांव दी, जो नजीर बन गया। जिस स्कूल में इन दोनों बेटियों के पिता सफाईकर्मी हुआ करते थे, उसी स्कूल के स्टाफ ने इनकी शादी कराने का बीड़ा उठाया। आसपास के गांव में एक-एक घर से संपर्क किया। भला इस तरह के काम में कौन पीछे रहने वाला है। हर घर से निकलकर लोगों ने मदद के लिए हाथ बढ़ाया और दोनों बेटियों की शादी का समय आ गया।





### स्कूल स्टाफ ने परिवार मानते हुए शादी की व्यवस्था की

सरकारी स्कूल में सफाई का काम करने वाले बंशी वाल्मीकि की 10 साल पहले मौत हो गई थी। घर की जिम्मेदारी 2 बेटियों (पूजा-सुनीता) पर आ गई। दोनों ने पिता की जगह स्कूल में सफाई का काम संभाल लिया। समय बीतता गया और दोनों बहनें बड़ी हो गईं। स्कूल स्टाफ ने उन्हें अपना परिवार मानते हुए दोनों बहनों की शादी धूमधाम से करने का फैसला किया।

### प्रिंसिपल ने सबसे पहले स्टाफ से चर्चा की

स्कूल प्रिंसिपल हरवीर सिंह जाखड़ ने दोनों बहनों की शादी में सहयोग के लिए स्टाफ से चर्चा की। आर्थिक सहायता के लिए 2 भामाशाहों से भी बात की। देखते ही देखते ललासरी गांव के साथ-साथ ललासरी पंचायत समिति के गांव लुनोदा और नेतडों की ढाणी समेत 3 गांवों के लोगों ने शादी में सहयोगी बनने की इच्छा जताई। 13 दिसंबर को दोनों लड़कियों की शादी के लिए परमिशन ली गई। साथ ही स्कूल की बिल्डिंग को भव्य तरीके से सजाया गया।

### स्कूल परिसर में पूरी हुई सभी रस्में

पूजा और उसकी छोटी बहन सुनीता की शादी से जुड़ी सभी रस्में स्कूल परिसर में ही पूरी की गई। पिछले 10 दिनों से स्कूल का माहौल बदला-बदला रहा। शादी में गांव का सर्व समाज एक ही जाजम पर बैठा।

हल्दी, मेहंदी और पीले चावल से लेकर महिला संगीत का आयोजन भी स्कूल परिसर में ही किया गया है। महिला कार्यक्रम में स्कूल की टीचर्स ने पेरेंट्स की भूमिका निभाई। बेटियों की शादी के आमंत्रण गांव की तरफ से ही छपवाए गए थे। आमंत्रण लिखने से लेकर मेहमानों को बुलाने के लिए वितरण तक का काम स्कूल स्टाफ ने ही पूरा किया।

### स्कूल में हुए फेरे, भावुक हुआ स्कूल स्टाफ

मेहमानों का स्वागत पारम्परिक राजस्थानी तरीके से किया गया। मेहमानों का स्कूल की छात्राओं ने राजस्थानी पहनावे में तिलक लगाकर स्वागत किया। स्कूल स्टाफ और ग्रामीण मोतियों की माला गले में डाल कर आवभगत करते दिखाई दिए। आज (13 दिसंबर) दोनों बेटियां विवाह बंधन में बंध गईं। मेहमानों के खाने के लिए एक ही जगह व्यवस्था की गई है। सभी ने भेदभाव भुलाकर एक ही जाजम पर खाना खाया और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

# विद्युत सप्लाई के समय में परिवर्तन

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।**

राजस्थान राज्य विधुत प्रसारण निगम लिमिटेड के 400 केवी बबाई जीएसएस पर 220/132 केवी 160 MVA पावर ट्रासफार्मर में आई तकनीकी खराबी के कारण 132 केवी जीएसएस बबाई एवं 132 केवी जीएसएस मेहाडा की विधुत सप्लाई 220 केवी जीएसएस खेतडी नगर से संचालित की जायेगी। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि 132 केवी जीएसएस बबाई एवं 132 केवी जीएसएस मेहाडा से संचालित सभी 33/11 केवी जीएसएस से जुडें समस्त कृषि उपभोक्ताओं को विधुत सप्लाई का पहला ब्लॉक शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक एवं दूसरा ब्लॉक रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक रहेगा। उक्त पावर ट्रासफार्मर ठीक होने में लगभग 7 दिवस का समय लगने की सम्भावना है।

# अम्बेडकर बुक बैंक को डॉ. शांखला ने भेंट की पुस्तकें

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.पिलानी।**

जरूरतमंद मेघावी छात्रों की शिक्षा में निखार लाने के उदेश्य से अम्बेडकर शिक्षा समिति द्वारा संचालित अम्बेडकर बुक बैंक को पार्षद बाबूलाल सोलंकी के सानिध्य में शांखला ई. एन. टी अस्पताल पिलानी के डॉ. हरिसिंह शांखला ने कम्पिटिशन की पुस्तकें भेंट की है शांखला ने कहा समिति के इस पुनीत कार्य में समाज के सक्षम लोगों का दायित्व बनता है की वे आगे आकर समिति का सहयोग करें आपके द्वारा किया गया छोटासा सहयोग किसी के भविष्य का निर्माण करेगा समिति के संरक्षक रोहिताश मेहरानिया ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा शिक्षा के बढ़ते निजीकरण से शिक्षा गरीब पीवार से दूर होरही है हम सब मिलकर हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ने का काम करें तभी बाबा साहब अम्बेडकर के सपनों का भारत बनेगा इस अवसर पर समिति सचिव सीताराम पंवार, जगदीश प्रशाद मेहरानिया, रामनिवास मेहरानिया, मोहरासिंह मेहरा, दीपिका पनिहार, बंशीधर बुलानिया, बिलूराम मेहरानिया सहित उपस्थित थे।



# गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक पहुंच रहे विकास रथः योजनाओं की दी जा रही जानकारी, सुझाव पेटिका से लिए जा रहे सुझाव



**भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।**

राज्य सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, फ्लेगशिप कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए जिले में विकास रथ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विकास रथ गांव-गांव व ढाणी-ढाणी तक पहुंचकर आमजन को योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं तथा सुझाव पेटिका के माध्यम से नागरिकों से सुझाव भी लिए जा रहे हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि शनिवार को झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के बिशनपुरा, पातुसरी, दोरासर, कुलोद कलां व उदावास में, सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ककोड़ा, लोटिया, दिगाड़िया, जाखोद व बेरला में, उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र के छऊ, खींवासर, छावसरी, भाटीवाड़ व कैड़ में, पिलानी विधानसभा क्षेत्र के सुजडोला, दुधवा, पीपली, दोबड़ा व डुलानिया में, मंडावा विधानसभा क्षेत्र के सिरियासर कलां, भीमसर, शेखसर, भारु व हेतमसर में तथा खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र के मानोता कलां, मांदरी व रवां में विकास रथ के माध्यम से सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

### रविवार को इन क्षेत्रों में होगा प्रचार-प्रसार

उन्होंने बताया कि रविवार को विकास रथ झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के आबूसर, नयासर, लालपुर, कासिमपुरा व बुड़ाना में, सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पिलोद, भाटवाड़ी, कुलोखुर्द, महपालवास व कुलोठ कलां में, उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र के टीटनवाड़, बामलास, मैनपुरा, ककराना व दीपपुरा में, पिलानी विधानसभा क्षेत्र के मोरवा, बगीना, धिंधवा बिचला, देवरोड़ व घंडावा में, मंडावा विधानसभा क्षेत्र के हनुमानपुरा, तेतरा, वाहिदपुरा, सीगड़ा व तोलियासर में तथा खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र के शिमला, ठाठवाड़ी व दुधवा नांगलिया में पहुंचेगा।

# झुंझुनूं जिला स्तरीय जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता का समापन, बजावा सूरो का रही विजेता

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।**

जिला नेटबॉल संघ झुंझुनूं के तत्वावधान में जिला स्तरीय जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बजावा सूरो का में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की पांच टीमों ने भाग लिया, जबकि महिला वर्ग की प्रतियोगिता ट्रायल के आधार पर आयोजित की गई।

टीम कोच प्रीतम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरुष वर्ग में बजावा सूरो का की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। चयनित खिलाड़ियों के लिए शीघ्र ही प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा, ताकि वे आगामी राज्य स्तरीय जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर सकें। समापन समारोह में जिला नेटबॉल संघ के अध्यक्ष सुरेश धनखड़, गुलझारीलाल जाट, आयोजक प्रिंसिपल महीपाल सिंह, कोच प्रीतम सिंह, दिनेश कुमार अध्यापक, सोमवीर सिंह सहित अनेक खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



# विश्व हिन्दू परिषद ने किया पंचांग का वितरण



**भीम प्रज्ञा न्यूज़.नवलगढ़।**

**कमल किशोर पंवार ।** विश्व हिन्दू परिषद ने शिवदेवी देवीप्रसाद गोयनका फाउण्डेशन द्वारा प्रकाशित बहु उपयोगी श्री बीरां बरजी दादीजी पंचांग का वितरण किया। इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के पंजाब प्रांत संयोजक व केन्द्रीय टोली के सदस्य रामकुमार व्यास ने बताया कि सनातन धर्म से ऋषि मुनियों द्वारा भारतीय पंचांग की उपज हुई है। भारतीय पंचांग से हिन्दू तीज- त्यौहार, व्रत, शुभ मुहूर्त, सूर्य ग्रहण व चंद्र ग्रहण आदि का पता चलता है। भारतीय पंचांग काल गणना पर आधारित रहता है। विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षण रामकुमार सिंह राठौड़ ने बताया कि भारतीय पंचांग से चौघड़िया द्वारा अनेक उपयोगी जानकारी मिलती है। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के प्रखण्ड अध्यक्ष राम मोहन सेकसरिया, प्रखण्ड उपाध्यक्ष लक्ष्मण स्वामी, प्रखण्ड मंत्री सुरेश कुमावत, सह मंत्री अनिल बिरोलिया, बजरंग दल श्रीराम बस्ती संयोजक अंशु सैनी, मेजर डीपी शर्मा, श्यामसुंदर सेकसरिया व पवन कच्छावा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# गैंगवार में बची गैंगस्टर की जान, ऑनलाइन ठगी का रहा मास्टरमाइंड

## रिश्तेदारों-दोस्तों के अकाउंट में ट्रांसफर करता था पैसे, फिर खरीदता था जमीन

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।**

राजस्थान के झुंझुनूं में हुई गैंगवार गैंगस्टर रविंद्र कटेवा को मारने के लिए की गई थी। उसकी किस्मत अच्छी थी कि वह बच गया। रविंद्र कटेवा शेखावाटी में जमीनों पर जबरन कब्जा, मारपीट, जानलेवा हमला जैसी वारदातों से जुड़ा हुआ है। ऐसा भी कहा जाता है कि लोकल पॉलिटिशियंस के सपोर्ट के कारण इसका कद मजबूत होता गया। सीकर और झुंझुनूं में कई वारदात की। एक समय पर ऑनलाइन ठगी का मास्टरमाइंड भी रह चुका है। रविंद्र कटेवा झुंझुनूं जिले के खिरोड़ गांव का रहने वाला है। कटेवा के पिता राजू बिजली विभाग में लाइनमैन है। उसका एक भाई इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में ऑफिसर है। रविंद्र कटेवा ने 2023 में अपनी खुद की गैंग आरके ग्रुप 0056 को बनाया था। रुपयों का लालच देकर कई लड़कों को अपनी गैंग से जोड़ा था। वर्तमान में इसकी गैंग में करीब 100 से 150 लड़के जुड़े हैं। ये गैंग जमीनों पर जबरन कब्जा, जमीन विवाद में मारपीट, जानलेवा हमला करना जैसी वारदातों को अंजाम देते हैं।

### ऑनलाइन फ्रॉड का मास्टरमाइंड रह चुका

जमीनों पर कब्जा करने से पहले रविंद्र कटेवा ऑनलाइन फ्रॉड का मास्टरमाइंड भी रह चुका है। वह लोगों के क्रेडिट कार्ड से पैसा निकालकर ऑनलाइन ठगी करता था। ऐसी ही एक ठगी के मामले में कोटा के अनंतपुरा थाना पुलिस ने मई 2022 में गिरफ्तार किया था। उस दौरान प्रोबेशन आईपीएस और तत्कालीन अनंतपुरा ष्टद्ध मनीष चौधरी ने इस रैकेट का पर्दाफाश किया था।



रविंद्र कटेवा,गैंगस्टर

### ऐप से करता था ऑनलाइन फ्रॉड

18 अप्रैल 2022 को कोटा के रहने वाले व्यापारी पवन गुप्ता के क्रेडिट कार्ड से तीन बार में 2 लाख 18 हजार 988 का ऑनलाइन फ्रॉड हुआ था। पवन के क्रेडिट कार्ड में कोई अमाउंट आने वाला था। अमाउंट नहीं आने पर पवन ने इस संबंध में क्रेडिट कार्ड कस्टमर केयर से ऑनलाइन संपर्क किया था। रविंद्र के गिरोह ने एक ऐप बना रखा था। जैसे ही कोई क्रेडिट कार्ड संबंधी शिकायत करने के लिए उस पर कॉन्टैक्ट करता था, तब ही रविंद्र और उसकी गैंग के चक्कर में फंस जाता था।

### मोबाइल पर ऐप डाउनलोड करवाकर करता था ठगी

रविंद्र और उसकी गैंग के लोग शिकायत करने वाले से बातचीत करके उसके मोबाइल में अपना ऐप डाउनलोड करवाते थे। ऐप डाउनलोड होने के बाद मोबाइल को रिमोट पर लेकर क्रेडिट कार्ड से पैसे निकाल लेते थे। वह पैसा रविंद्र खुद के, अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के अकाउंट में ट्रांसफर करवा देता था। इसके बाद पेट्रोल पंप और फोन-पे से वह अमाउंट निकाल लेते थे। इसके बदले लोगों को कमीशन भी देते थे।

### डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी कर चुका

ऐसे में कोटा का व्यापारी भी उसके संपर्क में आ गया था। गैंग ने पीड़ित के अकाउंट से पैसा निकाल लिया था, जिसकी पुलिस में शिकायत की थी। जांच में पता चला था कि सीकर में ही किसी व्यक्ति के अकाउंट में रुपए ट्रांसफर हुआ है। इसके बाद कोटा पुलिस ने मई हिस्ट्रीशीटर रविंद्र कटेवा, उसके साथी चंद्र प्रकाश पूनिया, सुनील झाझड़िया, रविंद्र उर्फ रवि को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में करीब 100 लोगों से डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी करना कबूला था। ऑनलाइन फ्रॉड से कमाए हुए पैसे से उसने कई जगह जमीनों में इन्वेस्टमेंट किया। इस मामले में जमानत पर बाहर आ गया था।सोशल मीडिया पर भी एक्टिव ऑनलाइन फ्रॉड के मामले में जमानत के बाद रविंद्र ने 2023 में अपनी गैंग आरके ग्रुप 0056 तैयार की थी। इसके साथ ही कई लड़कों को पैसों का लालच देकर अपने साथ शामिल कर लिया था। अपने साथियों के साथ जबरन लोगों की जमीनों पर कब्जे करने लगा। सीकर और झुंझुनूं में ऐसी कई वारदात की। रविंद्र कटेवा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहता था। उसके नाम से कई अकाउंट सोशल मीडिया पर मौजूद हैं।

### देवर-भाभी के जमीन विवाद में भाभी का दिया था साथ

रविंद्र कटेवा सीकर के भादवासी में स्थित 24 बीघा जमीन पर कब्जा करने की फिराक में था। इस जमीन को लेकर श्रवण फगेड़िया और उसकी भाभी शारदा के बीच विवाद चल रहा था। इस लड़ाई में रविंद्र कटेवा शारदा का साथ दे रहा था।विवाद में कटेवा ने श्रवण के साथी सुरेश पर जानलेवा हमला किया था। हालांकि बाद में दोनों के बीच राजीनामा हो गया था। राजीनामे में भी रविंद्र कटेवा ने श्रवण के नाम जमीन नहीं करवाई। इसको लेकर श्रवण ने सुपारी देकर बदमाशों को रविंद्र का मर्डर करने के लिए भेजा।रविंद्र कटेवा को मारने के लिए बदमाशों ने करीब 3 से 4 दिन तक उसकी पूरी रेकी की थी। इसके बाद शुक्रवार सुबह उसके घर झुंझुनूं जिले के खिरोड़ गांव में मारने पहुंचे थे। स्विफ्ट गाड़ी में बदमाश कृष्णकांत, पिंटू, राजेंद्र और एक अन्य साथी पिस्टल लेकर आए थे। रविंद्र कटेवा हथियारों के साथ आए बदमाशों को देखकर नीचे झुक गया था और उसकी जान बच गई थी। बदमाशों को पकड़ने के चक्कर में रविंद्र के साथी सुनील सुंडा की गोली लगने से मौत हो गई थी। पुलिस को एक आरोपी कृष्णकांत की भी लाश मिली थी।

### गैंगस्टर का परिवार बोला- हमारी रिपोर्ट दर्ज नहीं की

कटेवा के परिवार का कहना है कि बदमाश उनके घर के बाहर आए थे। पुलिस को रिपोर्ट दी, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। वहीं दोनों मृतक सुनील सुंडा और कृष्णकांत के परिवार का मुकदमा दर्ज हो गया है।

## सम्पादकीय



एडवोकेट
हरेश पंवार
Contact No.
9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

# आवाज़ नहीं, विचार बोलें: शब्दों की शांति में छिपी सच्ची शक्ति

आज का युग शोर का युग बनता जा रहा है। हर ओर आवाज़ें हैं– सोशल मीडिया पर, टीवी स्टूडियो में, सड़कों पर, रिश्तों में और यहां तक कि हमारे अपने मन के भीतर भी। हर कोई अपनी बात ऊँची आवाज़ में रखना चाहता है, मानो आवाज़ की ऊँचाई से ही विचारों की सच्चाई और प्रभाव तय होता हो। लेकिन इतिहास, अनुभव और जीवन का गहरा सत्य हमें यह सिखाता है कि प्रभावशीलता आवाज़ की ऊँचाई से नहीं, बल्कि शब्दों की गहराई से आती है। जो बात शोर से नहीं समझाई जा सकती, वह अर्थपूर्ण शब्दों से सहज ही दिल तक उतर जाती है। जहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

मानव सभ्यता के सबसे बड़े परिवर्तन किसी चीख-पुकार से नहीं, बल्कि शांत लेकिन दृढ़ शब्दों से हुए हैं। महात्मा बुद्ध की वाणी में कोई ऊँचापन नहीं था, फिर भी उनके शब्द सदियों तक मानवता का मार्गदर्शन करते रहे। महात्मा गांधी की आवाज़ भीड़ को डराने वाली नहीं थी, लेकिन उनके शब्दों ने साम्राज्य की नींव हिला दी। डॉ. भीमराव अंबेडकर के भाषणों में आक्रोश से अधिक तर्क, करुणा और न्याय की गूंज थी, जिसने एक पूरे राष्ट्र को संवैधानिक चेतना दी। यह उदाहरण स्पष्ट करते हैं कि शब्दों की शक्ति शोर से कहीं अधिक स्थायी और परिवर्तनकारी होती है। आज के सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन पर नज़र डालें तो पाएंगे कि अधिकतर टकराव संवाद की कमी या गलत संवाद के कारण होते हैं। परिवारों में झगड़े इसलिए नहीं बढ़ते कि समस्याएँ बहुत बड़ी हैं, बल्कि इसलिए बढ़ते हैं क्योंकि बात कहने का तरीका कठोर होता है। पति-पत्नी, माता-पिता और बच्चों, मित्रों या सहकर्मियों के बीच अक्सर आवाज़ ऊँची हो जाती है, लेकिन शब्द खोखले रह जाते हैं। जब संवाद में धैर्य, सम्मान और संवेदना का अभाव होता है, तब शोर पैदा होता है और समाधान दूर चला जाता है। इसके विपरीत, जब शब्द सोच-समझकर, स्नेह और सत्य के साथ कहे जाते हैं, तब वही कठिन परिस्थितियाँ भी सहज हो जाती हैं।

व्यक्तिगत जीवन में प्रभावी संवाद आत्म-नियंत्रण से शुरू होता है। जब व्यक्ति अपनी भावनाओं पर अधिकार रखता है, तब वह ऊँची आवाज़ की बजाय सटीक शब्दों का चयन करता है। क्रोध में कही गई बात अक्सर रिश्तों को तोड़ देती है, जबकि संयम से बोले गए शब्द टूटते रिश्तों को जोड़ सकते हैं। यही कारण है कि कहा गया है– 'जो खुद पर जीत पा ले, वही दुनिया को जीत सकता है।' शब्दों की गहराई आत्म-चिंतन से आती है, और आत्म-चिंतन शांति से उपजता है, न कि शोर से। सामाजिक स्तर पर भी यही सिद्धांत लागू होता है। आज सार्वजनिक विमर्श का स्तर गिरता जा रहा है। बहसें संवाद नहीं रहीं, बल्कि शोरगुल में बदल गई हैं। टीवी डिबेट्स में मुद्दों से अधिक आवाज़ें टकराती हैं। सोशल मीडिया पर शब्दों की जगह नारे, गालियाँ और उग्र प्रतिक्रियाएँ ले चुकी हैं। इस शोर में सच्चे मुद्दे दब जाते हैं और समाज दिशा भटकने लगता है। यदि हम सच में सामाजिक परिवर्तन चाहते हैं, तो हमें चीखने के बजाय समझाने की कला सीखनी होगी। परिवर्तन तब आता है जब लोग डर से नहीं, समझ से सहमत होते हैं।

यहाँ फसल और बारिश का रूपक अत्यंत सार्थक है। फसल बाढ़ से नहीं उगती, बल्कि संतुलित और समय पर हुई बारिश से लहलहाती है। ठीक उसी तरह समाज और रिश्ते आक्रामक शोर से नहीं, बल्कि शांत, निरंतर और सृजनात्मक संवाद से फलते-फूलते हैं। बाढ़ क्षणिक प्रभाव डालती है–सब कुछ बहा ले जाती है, लेकिन पीछे विनाश छोड़ जाती है। वहीं बारिश धीरे-धीरे धरती को सींचती है और जीवन को जन्म देती है। शब्दों की शांति भी ऐसी ही होती है–धीमी, लेकिन गहरी और स्थायी। नेतृत्व की कसौटी भी यही है। सच्चा नेता वह नहीं होता जो सबसे ऊँची आवाज़ में बोलता है, बल्कि वह होता है जिसके शब्दों में दृष्टि, स्पष्टता और नैतिक बल होता है। इतिहास गवाह है कि तानाशाहों की आवाज़ें समय के साथ खो जाती हैं, लेकिन विचारशील नेतृत्व के शब्द पीढ़ियों तक जीवित रहते हैं। इसलिए किसी भी क्षेत्र में–चाहे राजनीति हो, शिक्षा हो, प्रशासन हो या समाजसेवा–शब्दों की गुणवत्ता, आवाज़ की तीव्रता से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। यह विचार हमें आत्म-चिंतन के लिए भी प्रेरित करता है। हमें स्वयं से पूछना चाहिए कि हम अपनी ऊर्जा कहाँ खर्च कर रहे हैं–शोर मचाने में या शब्दों को बेहतर बनाने में? क्या हम तुरंत प्रतिक्रिया देकर अपनी बात ऊँची आवाज़ में रखते हैं, या पहले सोचकर सही शब्दों का चयन करते हैं? क्या हम सुनने का धैर्य रखते हैं, या केवल बोलने की जल्दी में रहते हैं? जब हम अपने शब्दों को सच्चाई, करुणा और विवेक से जोड़ते हैं, तब वही शब्द फूलों की तरह खिलते हैं और वातावरण को सुगंधित कर देते हैं।

अंततः, शब्दों की शक्ति एक शांत लेकिन अटूट शक्ति है। यह तलवार की तरह नहीं, जो डर पैदा करे, बल्कि दीपक की तरह है, जो अंधकार को चुपचाप मिटा देता है। दुनिया को बेहतर बनाने के लिए हमें ऊँची आवाज़ की नहीं, ऊँचे विचारों की ज़रूरत है। जब हमारे शब्द गहरे होंगे, तो हमारी उपस्थिति स्वतः प्रभावशाली हो जाएगी। यही जीवन का संतुलन है, यही संवाद की सच्ची कला है और यही एक सभ्य, संवेदनशील और प्रगतिशील समाज की पहचान भी है।

## राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ पर विशेष:

# 2 साल, नव उत्थान- नई पहचान बढ़ता राजस्थान- हमारा राजस्थान, सौर ऊर्जा से दमकता राजस्थान

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.जयपुर।**

विगत समय में भारत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नई वैश्विक ताकत बन कर उभरा है। ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिला है। देश क ऊर्जा परिदृश्य में आ रहे बदलाव (एनर्जी ट्रांजिशन) में राजस्थान महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बीते दो वर्ष में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत निर्णय किए गए हैं। निवेश की राह में आने वाली बाधाओं को दूर किया गया है। सौर परियोजनाओं को गति दी गई है। उन्हें भूमि आवंटन की प्रक्रियाओं को सुगम बनाया गया है। स्वाभाविक है कि परियोजनाएं समय से पूरी हो रही हैं और राजस्थान सौर ऊर्जा की रोशनी से दमक रहा है।

### सौर ऊर्जा में 27 प्रतिशत और अक्षय ऊर्जा में 16 प्रतिशत की भागीदारी

राज्य की वर्तमान स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता 41,189 मेगावाट तथा सौर ऊर्जा क्षमता 35,337 मेगावाट पहुंच चुकी है। देश की कुल सौर ऊर्जा क्षमता में राजस्थान की भागीदारी 27.2 प्रतिशत और अक्षय ऊर्जा में 16.43 प्रतिशत है। बीते दो वर्षों में राज्य की अक्षय ऊर्जा क्षमता में 17 हजार 820 मेगावाट का इजाफा हुआ है। जिसमें सौर ऊर्जा का योगदान 17,326 मेगावाट है। इसके अतिरिक्त 45 गीगावाट क्षमता की अक्षय ऊर्जा परियोजनाएँ प्रगति पर हैं। देश के सोलर हब के रूप में राजस्थान मजबूती से उभर रहा है।।

### विकेन्द्रित सौर ऊर्जा में भी सिरमौर-

सौर ऊर्जा में राजस्थान के बढ़ते प्रभुत्व के पीछे सोलर पार्कों तथा सौर परियोजनाओं के साथ-साथ पीएम-कुसुम एवं पीएम सूर्यघर जैसी योजनाओं का ठोस क्रियान्वयन भी है। इन योजनाओं से राज्य में विकेन्द्रित सौर ऊर्जा को तेजी से बढ़ावा मिला है। कुसुम योजना के कम्पोनेंट-ए एवं कम्पोनेंट-सी के अन्तर्गत बीते दो वर्ष में प्रदेश की गांव-ढ़ाणियों में 2345 मेगावाट क्षमता से अधिक की ग्रिड कनेक्टेड 1047 लघु सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं। इस दृष्टि से राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है। इसी तरह कम्पोनेंट-बी में 51,927 (कुल 1.15 लाख) ऑफ ग्रिड सोलर पम्प स्थापित किए जा चुके हैं। इस योजना के माध्यम से किसान अब डीजल पंपों से मुक्ति पा रहे हैं और सस्ती एवं प्रदूषण रहित सौर ऊर्जा को अपना रहे हैं। ग्रिड कनेक्टेड संयंत्रों से करीब 1 लाख 54 हजार से अधिक किसानों को खेती के लिए दिन में बिजली मिल रही है। इसी तरह पीएम सूर्यघर योजना में दो वर्ष से भी कम समय में प्रदेश में 441 मेगावाट क्षमता के 1 लाख 9 हजार 209 रूफ टॉप सोलर संयंत्र लगाए जा चुके हैं। पीएम सूर्यघर में स्थापित रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्रों की संख्या के आधार पर राजस्थान देश में 5वें स्थान पर है।




### पूगल में विकसित हो रहा देश का सबसे बड़ा सोलर एनर्जी पार्क

**ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं को मिली देश में न्यूनतम टैरिफ-** स्वच्छ ऊर्जा नीति-2024 के अन्तर्गत राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक 115 गीगावाट अक्षय ऊर्जा तथा 10 गीगावाट की ऊर्जा भंडारण परियोजनाएं विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बीकानेर के पूगल में 5 हजार मेगावाट ऑवर बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षमता के साथ 2450 मेगावाट क्षमता का दुनिया का सबसे बड़ा सोलर पार्क विकसित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में 6 हजार करोड़ रूपए के निवेश से करीब 6 हजार मेगावाट ऑवर क्षमता की 4 बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजनाएं विकसित की जा रही हैं। जिनमें देश में न्यूनतम टैरिफ प्राप्त हुई है। इस प्रकार राज्य में वृहद क्षमता का बैटरी एनर्जी स्टोरेज तंत्र विकसित किया जा रहा है। नवम्बर 2027 तक स्थापित होने वाली इन परियोजनाओं से पीक ऑवर्स की डिमांड को पूरा किया जा सकेगा और महंगी बिजली खरीद से मुक्ति मिलेगी। ऊर्जा आत्मनिर्भरता हासिल करने में यह बड़ा कदम होगा।

**मिले पुरस्कार-** देश की सौर एवं अक्षय ऊर्जा क्षमता वृद्धि में अहम योगदान के लिए राजस्थान को वर्ष 2024 में गुजरात में आयोजित आरई-इन्वेस्ट समिट में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसी तरह हाल ही में नवम्बर माह में चेन्नई में हुए विंडर्जी इंडिया-2025 सम्मेलन में भी राजस्थान को एक्सीलेंस इन विंड एवं हाईब्रिड पॉलिसी पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह स्पष्ट करता है कि भारत अब तेज़ी से हरित ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है और राजस्थान इस बदलाव का आधार स्तंभ बन गया है।

### महत्वपूर्ण निर्णय

- एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति-2024, जिसमें अक्षय ऊर्जा, बायो फ्यूल, ऊर्जा भंडारण एवं ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं के लिए प्रावधान एवं प्रोत्साहन किए गए हैं।
- रिन्यूबल एनर्जी परियोजनाओं को रिप्स-2024 के अन्तर्गत विभिन्न प्रोत्साहन एवं सुविधाएं।
- प्रदेश में वर्चुअल नेट मीटरिंग एवं ग्रुप नेट मीटरिंग को अनुमत किया गया। इसके अन्तर्गत अब वे लोग भी सौर ऊर्जा से जुड़ सकेंगे जो स्वयं की छत नहीं होने के कारण अब तक इससे वंचित थे।
- विभिन्न सौर एवं अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं तथा सोलर पार्कों के लिए 1.32 लाख हैक्टेयर भूमि का आवंटन
- राइजिंग राजस्थान निवेश समिट में एनर्जी सेक्टर में सर्वाधिक 28 लाख करोड़ का निवेश
- केन्द्रीय उपक्रमों के साथ 43,238 मेगावाट की अक्षय ऊर्जा एवं परम्परागत ऊर्जा परियोजनाओं के लिए एमओयू।

# मैकाले ने किस तरह ज़हरीली मानसिकता और अमानवीय रवैया दिखाया

मैकाले कोई इंडोलॉजिस्ट नहीं था। वह कोई शिक्षाविद् या जाने–माने बुद्धिजीवी नहीं थे। फिर भी, उन्होंने भारत के सामाजिक और शैक्षिक ढांचे को लंबे समय तक नुकसान पहुंचाया। वह निःस्संदेह आत्महीनता की मानसिकता के सबसे बड़े दोषी थे, जो आज भी हिंदू समुदाय को परेशान करती है। उन्होंने हिंदू दिमाग में अपनी महान साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रति नफरत सफलतापूर्वक भर दी। संस्कृत को पुराना बताकर और अंग्रेजी की तारीफ कर मैकाले का मकसद न सिर्फ पहली भाषा को बदलना था बल्कि उसके लिए नफरत के बीज भी बोना था। इससे एक तरह की सांस्कृतिक गुलामी पैदा हुई, जिसमें हिंदू समाज ने पश्चिमी मूल्यों को आँख बंद करके अपना लिया। संस्कृत के बाद में हुए पतन से सांस्कृतिक और बौद्धिक पूंजी का भारी नुकसान हुआ, जिससे भारत का सामाजिक माहौल अपरिवर्तनीय रूप से बदल गया। मैकाले की थोपी गई नीति ने भारत में एक तरह की अंग्रेजी भाषाई और सांस्कृतिक गुलामी को जन्म दिया।

गुरुकुल प्रणाली, जो पीढ़ियों से भारतीय शिक्षा की नींव रही थी, धीरे–धीरे हाशिये पर चली गई। संस्कृत, दर्शन, आयुर्वेद और शास्त्रीय कला जैसे पारंपरिक विषयों, जो गुरुकुल पाठ्यक्रम के लिए ज़रूरी थे, उसे नज़रअंदाज़ कर दिया गया। इस नीति के कारण भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का धीरे–धीरे पतन हुआ। गुरुकुल प्रणाली न सिर्फ अकादमिक शिक्षा देती थी बल्कि नैतिक आदर्श, सांस्कृतिक परंपराएं और आध्यात्मिक अभ्यास भी सिखाती थी। मैकाले की नीति, जिसने पश्चिमी सिद्धांतों पर ज़ोर दिया, उसने इन तत्वों को खत्म कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप शिक्षित अभिजात वर्ग में सांस्कृतिक पहचान का नुकसान हुआ। कई स्थानीय शिक्षक और बुद्धिजीवी जो पारंपरिक ज्ञान के संरक्षक थे, उन्हें हटा दिया गया। उनके कौशल और प्रतिभा को कम आंका गया, जिसके परिणामस्वरूप पारंपरिक शिक्षकों की स्थिति और संख्या में कमी आई।

ध्यान समग्र शिक्षा से हटकर रटने और परीक्षा–उन्मुख पढ़ाई पर चला गया। गुरुकुल प्रणाली का छात्रों के पूर्ण विकास (लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए) पर ज़ोर शिक्षा के एक सीमित, उपयोगितावादी दृष्टिकोण में बदल गया। भारतीय समाज का एक बड़ा हिस्सा, खासकर उसका अभिजात वर्ग, बहुत ज़्यादा पश्चिमी हो गया। इसके परिणामस्वरूप अंग्रेजी में शिक्षित लोगों और पारंपरिक तरीकों का पालन करने वालों के बीच एक सामाजिक–सांस्कृतिक विभाजन पैदा हुआ। यह विभाजन आज भी बना हुआ है, जो सामाजिक–आर्थिक असमानताओं में योगदान देता है। अंग्रेजी पर ज़ोर देने से शैक्षिक और प्रशासनिक संदर्भों में स्वदेशी भाषाओं के उपयोग में गिरावट आई। इससे साहित्य और मौखिक परंपराओं के कई पारंपरिक रूपों का धीरे–धीरे विलुप्त होना शुरू हो गया।

लगातार आने वाली पीढ़ियों में पहचान का संकट था, जो पश्चिमी प्रभावों और पारंपरिक रीति–रिवाजों के बीच बंटी हुई थीं। नतीजतन, बहुत से लोगों में अपनी जड़ों पर गर्व की कमी है और वे पश्चिमी जीवन शैली और आदर्शों को पसंद करते हैं। स्कूल सिस्टम का पश्चिमी तौर–तरीकों के साथ तालमेल होने से पश्चिमी ज्ञान प्रणालियों और तरीकों पर निर्भरता बढ़ गई। इससे क्रिएटिविटी और मौजूदा चिंताओं के लिए स्थानीय समाधानों के विकास में रुकावट आई। अंग्रेजी पढ़े–लिखे एलीट वर्ग को आर्थिक अवसरों तक ज़्यादा पहुंच मिली, जिससे सामाजिक और आर्थिक असमानता और बढ़ गई। जो लोग अंग्रेजी में माहिर नहीं थे, वे नुकसान में थे, जिससे गरीबी और हाशिए पर रहने का सिलसिला जारी रहा। भारतीय आंतरिक, अक्सर आसानी से उपलब्ध संसाधनों, जैसे पारंपरिक ज्ञान, समझ और प्राकृतिक संसाधनों से पूरी तरह अप्रभावित हैं, लेकिन वे बाहरी संसाधनों, जैसे पश्चिमी तरीकों, जानकारी और बाजारों के आदी हो गए हैं। ऐतिहासिक विवि और गुरुकुल संस्थानों का प्रसार एक अनुमान के अनुसार, प्राचीन भारत में एक समय 50 से ज़्यादा विश्वविद्यालय थे। तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला और वल्लभी विश्वविद्यालय, ओदंतपुरी, मिथिला विश्वविद्यालय, तेलहारा विश्वविद्यालय, शारदापीठ मंदिर विश्वविद्यालय, पुष्पगिरि विश्वविद्यालय, सोमपुरा विश्वविद्यालय और बिक्रमपुर विश्वविद्यालय कुछ जाने–माने संस्थान हैं।

# सनातन-सांस्कृतिक मूल्यों को गति देते मोहन यादव

प्रमोद भार्गव

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पद की शपथ लेने के बाद से ही सनातन–सांस्कृतिक मूल्यों को निरंतर गति दे रहे हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सरकार की कोई निंदा–आलोचना किए बिना, उनके द्वारा खींची गई लकीर को बड़ा करने का काम किया है। इस परिप्रेक्ष्य में हिंदुत्व की वैचारिकता को आगे बढ़ाने के साथ महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार, नगरीय विकास से लेकर ग्रामीण विकास और सुशासन को सशक्त बनाने के बाबत उनकी प्राथमिकताएं देखने में आई हैं। हिंदुत्व और सनातन संस्कृति उनके अजेंडे के प्रमुख आधार रहे हैं। अतएव उज्जैन और अन्य धार्मिक स्थलों के कायाकल्प के साथ राम वन गमन और कृश्ण पाथेय परियोजना को जमीन पर उतारने का संकल्प लिया है। अब भगवान श्री कृष्ण से जुड़े मध्यप्रदेश के स्थलों को एक नवीन पहचान दी जाएगी। प्रदेश में बड़ा पूंजी निवेश कराकर उद्योगों की स्थापना हेतु कई इंवेस्टर मीट कराए गए हैं। इससे नए रोजगार व तकनीकी विकास के रास्ते जल्दी ही खुलेंगे। चीता पालन परियोजना श्योपुर के कूनो और मंदसौर के गांधी सागर में उन्हीं के कार्यकाल में भलीभूत हुई है। अब इसका विस्तार सागर जिले के वीरांगना दुर्गावती बाघ आरक्षित क्षेत्र में भी होगा। मोहन यादव मंत्रिमंडल की पहली बार बैठक बुंदेलखंड के खजुराहो में संपन्न हुई है। इसके दूरगामी परिणाम निकलने की उम्मीद की जा रही हैं। अतएव इस अंचल में पर्यटन और औद्योगिक विकास के नए रास्ते जल्द खुलेंगे।



प्रदेश में धर्म, अध्यात्म और संस्कृति के संगम की त्रिवेणी बह रही है। दुनिया के सामने 'श्री कृश्ण पाथेय' योजना के अंतर्गत सांदीपनि आश्रम उज्जैन, पीवड़िया–खातेगांव देवास, एरण सागर, चंदेरी, अशोकनगर जामगढ़ रायसेन, सागर, जनापाव इंदौर और अमझेरा धार सहित आठ जिलों में उन पुरातन स्थलों को धार्मिक पहचान दी जाएगी, जो भगवान कृश्ण से जुड़े रहे हैं। इन स्थलों पर कृश्ण के श्रीचरण विद्यार्जन, यात्रा के समय विश्राम और विवाह के लिए रुक्मणी हरण से जुड़े हैं। इन यात्राओं में कृश्ण के साथ उनके बड़े भाई बलराम अर्थात बलदाऊ भी साथ रहे हैं। कृश्ण और बलराम ने एक साथ उज्जैन के सांदीपनि आश्रम के गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त की थी। दोनों भ्राताओं में यहां 64 कलाएं और 14 विद्याएं गुरु सांदीपनि से प्राप्त की थीं। मित्र सुदामा भी उनके साथ रहे थे। भागवत पुराण के अनुसार गुरु सांदीपनि के पास जितनी भी शिक्षाएं थीं, सब सिखा दी थीं। शिक्षा प्राप्ति के बाद कृष्ण ने गुरु से गुरु दक्षिणा लेने को कहा, लेकिन उन्होंने कुछ भी लेने से मना कर दिया। तब कृष्ण और बलराम गुरु माता के पास पहुंचे। उन्होंने रोते–रोते अपने पुत्र के अपहरण की कहानी कह दी। पुत्र का अपहरण समुद्र के किनारे से हुआ था। कृष्ण और बलराम समुद्र किनारे पहुंचे और उन्होंने समुद्र का आवाहन किया। समुद्र ने सामने आकर बताया कि पंचजन्य नाम के असुर ने गुरु सांदीपनि के पुत्र का अपहरण किया है। कृष्ण ने अंततः पंचजन्य राक्षस को खोज लिया और उसको दंडित करते हुए गुरु पुत्र को वापस मांगा। पंचजन्य ने जब कृष्ण के पुरुषार्थ और उनकी दैवीय शक्तियों को जाना तो तुरंत गुरु पुत्र को लौटा दिया। कृष्ण और बलराम ने इस पुत्र को उज्जैन जाकर गुरु माता को दक्षिणा के रूप में सौंप दिया। इस यात्रा के दौरान कृष्ण और बलराम धार जिले के अमझेरा होते हुए समुद्र तक पहुंचे थे।

कृष्ण को जब विवाह प्रस्ताव के रूप में रुक्मणी का पत्र मिला तो वह द्वारका से नारायण, पीवाड़िया–खातेगांव एरन, चंदेरी होते हुए विदर्भ की राजधानी कुंडनपुर पहुंचे थे। रुक्मणी स्वयंवर यहीं चल रहा था। इसी स्वयंवर स्थल से कृश्ण ने रुक्मणी का हरण किया था। अब उन्हीं स्थलों को एक न्यास बनाकर संवारा जाएगा। इन स्थलों को तीर्थ स्थलों के रूप में विकसित करने की योजना है। इस योजना को क्रियान्वित करने से पहले स्थलों का शोधवृत्ति के जरिए शोध कराया जाएगा। विक्रमादित्य शोधपीठ इसे क्रियांन्वित करेगी। मोहन यादव गीता और गो–माता की महिमा को बढ़ाने का काम भी प्राथमिकता से कर रहे हैं। गीता और गो–माता हमारी सनातन संस्कृति और आस्था के प्रतीक हैं। गाय की महिमा का गान ऋवैदिक युग से ही हो गया था। वैदिक ऋषियों ने जान लिया था कि गाय एक ऐसा पशुधन हैं, जो दूध और दूध से बनने वाले दही, मट्ठा, घी, मक्खन तो देती ही है, खेती के लिए बैल भी देती है। अतएव ग्रामीण और कृषि अर्थव्यवस्था हेतु गाय के संरक्षण का उपाय करते हुए, उसे गौ माता का दर्जा ऋषियों ने दिया।

अक्सर हमारे राजनेता या प्रदेश प्रमुख हिंदु एवं मुस्लिम संप्रदायों से जुड़े मंदिर एवं मस्जिदों के अतिक्रमण हटाने से भयभीत दिखाई देते हैं। इनके पीछे उनकी स्वयं की धार्मिक भावना एवं आस्था तो होती ही है, कहीं सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ न जाए, इसका डर भी मन में रहता है। अतएव ज्यादातर मुख्यमंत्री ऐसे अतिक्रमणों को हटाने से बचते हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने अनेक धार्मिक स्थलों एवं भू–माफियाओं के अतिक्रमण हटाकर एक मिसाल पेश की है। अब ऐसा ही उदाहरण मोहन यादव ने उज्जैन में पेश कर दिया है। उन्होंने उज्जैन के केडी मार्ग चौड़ीकरण में आ रही बाधाओं को दूर करने में दृढ निर्णय के साथ सभी धर्मावलंबियों और षासन के बीच सामंजस्य बिठाकर इन अतिक्रमणों को हटाने का अनूठा उदाहरण पेश किया है।

मुख्यमंत्री मोहन यादव पूरी तरह धार्मिक हैं लेकिन उनमें धर्मजन्य मिथकीय जड़ता नहीं है। जब वे मुख्यमंत्री बने थे, तब उन्होंने इस पद पर आसीन होने के बाद पहली बार उज्जैन में रात बिताने का निश्चय किया था। इस खबर के फैलने के बाद कथित धर्म के प्रचारकों ने प्रश्न उठाया कि राजा महाकाल की नगरी की परिधि में कोई दूसरा राजा या मुखिया रात बिताएगा तो उसे महाकाल के कोप से पद गंवाना पड़ सकता है ? इस पर मुख्यमंत्री यादव ने सार्थक टिप्पणी करते हुए कहा था, 'मैं तो उज्जैन का ही निवासी हूं और महाकाल भगवान की शरण में ही रहा हूं। आज मेरी जो भी राजनीतिक व अन्य उपलब्धियां हैं, वह उन्हीं की कृपा से हैं। महाकाल का दायरा कोई उज्जैन नगर निगम तक सीमित नहीं है।

# प्रकृति बचाओ आंदोलन को उग्र करने का निर्णय 19 दिसंबर अमावस्या को बिश्नोई समाज जुटेगा मुकाम में

## राज्य वृक्ष खेजड़ी काटने वाली सरकार को घुटनों पर लाने का संकल्प लिया



भीम प्रज्ञा न्यूज़.बीकानेर।

**सोहनलाल परिहार** । स्थानीय बिश्नोई धर्मशाला के सभा कक्ष में पर्यावरण संघर्ष समिति बीकानेर के तत्वावधान में एक आम सभा रखी गई । मुकाम पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी रामानंद जी महाराज ने कहा कि आंदोलन को तेज करना होगा। राज्य सरकार ने खेजड़ी कटाई रोकने का कानून बनाने का तीन बार आश्वासन देकर डेढ़ साल बाद विश्वास घात किया है। इसलिए बिश्नोई समाज नए तरीके से रणनीति बनाकर आंदोलन तेज करेगा व्यापक रणनीति बनाने के लिए आगामी 19 दिसंबर अमावस्या को सुबह 11 बजे मुक्तिधाम मुकाम में एक विशाल आमसभा की जाएगी जिसमें रणनीति तय करके पूरे बिश्नोई समाज का आह्वान किया जाएगा और खेजड़ी की कटाई पर प्रतिबंध लगाने का कानून बनने तक उग्र आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी । जैसला के महंत स्वामी भागीरथ दास शास्त्री ने उपस्थित लोगों को आंदोलन में सक्रिय भाग लेने का संकल्प दिलाया और अधिक से अधिक लोगों को बुलाने का आह्वान किया। संघर्ष समिति के संयोजक रामगोपाल बिश्नोई ने डेढ़ साल के संघर्ष की जानकारी दी। संपूर्ण राजस्थान में हो रही राज्य वृक्ष खेजड़ी की कटाई का विवरण प्रस्तुत करते हुए लाखों की संख्या में खेजड़ियां काटने की संभावना जताई जिसको रोकने के लिए बिश्नोई समाज को एक जुट होकर उग्र आंदोलन करने और सरकार को झुकाने तक एकजुट रहने की अपील की। नागौर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ आदि जिलों से आए पर्यावरण प्रेमियों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया बैठक में भंवरलाल जाणी,......आदि ने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने खेजड़ी बचाने के सुझाव दिये। सरकार को घुटनों पर लाने के विभिन्न तरीकों पर प्रकाश डाला। सरकार द्वारा तीन दिसंबर को केबिनेट बैठक में निर्णय लेकर पेड़ काटने पर दी जाने वाली सजा खत्म करने को कानून बनाने की बजाय कानून खत्म करने का आरोप लगाया। सभी वक्ताओं में भारी रोष व्याप्त था। गणपतराम सिंगड़, हनुमान बेनीवाल,रामरतन बिश्नोई श्री गुरु जम्भेश्वर जीव रक्षा प्रदेश संस्था अध्यक्ष, भंवर ज्याणी, सुभाष भाम्भू, विजयपाल डेलू, रामरतन डेलू, प्रभु गोदारा, हजारी मंडा, बनवारी सियाग, नारायण सिंह भाटी, रिछपाल फौजी, हड़मान पुनिया, ओपी खीचड़, सहीराम पुनिया, हरिराम खीचड़ आदि उपस्थित थे।

# शिक्षक संघ राष्ट्रीय जयपुर के जिला संगठन मंत्री शर्मा का किया स्वागत

भीम प्रज्ञा न्यूज.चौमू।



**सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया।** शहर के सुभाष सर्किल पर शिक्षक संघ राष्ट्रीय जयपुर के जिला संगठन मंत्री एवं उप प्रधानाचार्य अजय कुमार शर्मा का पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के सानिध्य में परशुराम सेवा समिति के सदस्यों एवं विप्र समाज चौमूं द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। दौरान पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि शिक्षा विभाग में लंबे समय से शिक्षकों की हितों एवं अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए अजय कुमार द्वारा किए गए निरंतर संघर्ष और सेवा भावना के कारण विप्र समाज के द्वारा विशेष सम्मान किया। परशुराम सेवा समिति के सदस्यों ने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा एवं अजय कुमार शर्मा को राजस्थानी आन बान शान का प्रतीक चुनरी का साफा व शॉल ओढ़ाकर एवं राम दरबार की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। अजय कुमार शर्मा ने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी मैं इसी प्रकार सनातन संस्कृति एवं राष्ट्र की सेवा व समाज सेवा करता रहूंगा। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम मनोहर शर्मा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रामगोपाल शर्मा, सुभाष चंद्र मिश्रा, शिक्षाविद हजारीलाल शर्मा, शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जयपुर संभाग संगठन मंत्री मेघराज शर्मा, पूर्व अध्यक्ष शिक्षक संघ राष्ट्रीय निर्विकार शर्मा, सुरेश चंद शर्मा, समाजसेवी कैलाश तिवारी, महेश शर्मा, घनश्याम तिवारी, अंबालाल शर्मा, आचार्य पंडित रामस्वरूप शर्मा, राम बिहारी दास, अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्रचार्य, हरि नारायण शर्मा, अमित तिवारी, महेंद्र सीताराम शर्मा, पूर्व विप्र समाज अध्यक्ष नाथूलाल शर्मा, रामावतार शर्मा, मोहित शर्मा, बाबूलाल, बसंत लाल, आशा पारीक, बीना शर्मा, निशा शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

# पियूष सैनी का हुआ एयरफोर्स में चयन

भीम प्रज्ञा न्यूज़.लक्ष्मणगढ़।



रामलीला मैदान के पास वार्ड 32 निवासी व्यवसायी रामनाथ सैनी के सुपुत्र पियूष सैनी का एयरफोर्स में चयन हुआ है। पियूष ने स्कूली शिक्षा आदर्श विद्या मंदिर व बगड़िया स्कूल से हासिल कर सीकर कोचिंग में तैयारी की थी। पियूष का चयन एक्स ग्रुप में चयन हुआ है तथा बैंगलोर स्थित एयरफोर्स ट्रेनिंग स्कूल में भाग लेंगे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों व गुरूजनों को दिया है। पियूष का एयरफोर्स में चयन होने पर पारिवारिक सदस्यों, शुभचिंतकों व सहयोगियों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है। पियूष के दादाजी श्यामसुंदर सैनी टांक नगरपालिका के कार्मिक रहे हैं ।

# गोयनका महिला महाविद्यालय में उद्घाटन सत्र के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का सात



## दिवसीय विशेष शिविर हुआ शुभारंभ

भीम प्रज्ञा न्यूज़.लक्ष्मणगढ़।

मोहिनी देवी गोयनका महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम और द्वितीय के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुरूषोतम मिश्रा व्यवस्थापक आदर्श विद्या मंदिर स्कूल ने देश के नवनिर्माण में युवा वर्ग की भूमिका विषय पर अपने विचार अभिव्यक्त किये। युवा वर्ग शिक्षित बन कर सामाजिक सेवा, सुधार, जागरूकता अभियान में सहयोग करें और हमारी प्राचीन संस्कृति एवं परम्पराओं को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ हिना अरोड़ा प्राचार्य गोयनका पब्लिक स्कूल ने महिला शिक्षा एवं सुरक्षा पर विचार व्यक्त करते हुए बालिका शिक्षा एवं संस्कार पर विशेष बल देते हुए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। कार्यक्रम सत्र की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके हुईं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अर्चना शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना को उच्च शिक्षा कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए व्यक्तित्व निर्माण एवं सामुदायिक सेवा व टीम भावना के लिए प्रेरित किया। इकाई प्रथम की प्रभारी रजनी जोशी ने सात दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की, राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं मंच संचालन किया। छात्राओं ने वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन किया। मोनिका महला ने पर्यावरण संरक्षण और मनीष पारीक ने कन्या भ्रूण हत्या पर अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय की प्रवक्ता डॉ गायत्री ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना पर विचार व्यक्त किए। इकाई द्वितीय की प्रभारी पुष्पा कुमारी ने धन्यवाद दिया ।

# नंदी शाला में गायों को गुड़ दलिया



## खिलाकर मनाया जन्मदिन

भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहपुर।

**राज वर्मा ।** भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता नरोत्तम शर्मा का जन्मदिन आज फतेहपुर शेखावाटी में सेवा और सामाजिक सरोकार के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री लक्ष्मी नाथ नंदी शाला में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नरोत्तम शर्मा ने नन्दी शाला में मौजूद नंदियों एवं गायों को हरा चारा, गुड़, दलिया एवं अनेक प्रकार के व्यंजन खिलाकर सेवा की। उन्होंने कहा कि गौ-सेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसके लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर नरोत्तम शर्मा के साथ बड़ी संख्या में उनके समर्थक, कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। जन्मदिन के उपलक्ष्य में समर्थकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और फतेहपुर शेखावाटी में धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित समर्थकों ने नरोत्तम शर्मा के नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। पूरे आयोजन का माहौल सेवा, श्रद्धा और उत्साह से भरा रहा। इस दौरान भाजपा नेता मधुसूदन भिंडा, रामावतार बिजारणियां, महावीर भोजदेसर, इस्लाम खान, विनोद जी महला, राजकुमार जी राड, गफ्फार खान जी, जितेन्द्र सिंह, बाबू सिलावट,

# गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक पहुंच रहें विकास रथः योजनाओं की दी जा रही जानकारी, सुझाव पेटिका से लिए जा रहे सुझाव

भीम प्रज्ञा न्यूज़ झुंझुनूं।



राज्य सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, फ्लेगशिप कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए जिले में विकास रथ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विकास रथ गांव-गांव व ढाणी-ढाणी तक पहुंचकर आमजन को योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं तथा सुझाव पेटिका के माध्यम से नागरिकों से सुझाव भी लिए जा रहे हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि शनिवार को झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के बिशनपुरा, पातुसरी, दोरासर, कुलोद कलां व उदावास में, सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ककोड़ा, लोटिया, दिगाड़िया, जाखोद व बेरला में, उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र के छऊ, खींवासर, छावसरी, भाटीवाड़ व कैड़ में, पिलानी विधानसभा क्षेत्र के सुजडोला, दुधवा, पीपली, दोबड़ा व डुलानिया में, मंडावा विधानसभा क्षेत्र के सिरियासर कलां, भीमसर, शेखसर, भारु व हेतमसर में तथा खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र के मानोता कलां, मांदरी व रवां में विकास रथ के माध्यम से सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

## रविवार को इन क्षेत्रों में होगा प्रचार-प्रसार

उन्होंने बताया कि रविवार को विकास रथ झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के आबूसर, नयासर, लालपुर, कासिमपुरा व बुड़ाना में, सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पिलोद, भाटवाड़ी, कुलोखुर्द, महपालवास व कुलोठ कलां में, उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र के टीटनवाड़, बामलास, मैनपुरा, ककराना व दीपपुरा में, पिलानी विधानसभा क्षेत्र के मोरवा, बगीना, धिंधवा बिचला, देवरोड़ व घंडावा में, मंडावा विधानसभा क्षेत्र के हनुमानपुरा, तेतरा, वाहिदपुरा, सीगड़ा व तोलियासर में तथा खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र के शिमला, ठाठवाड़ी व दुधवा नांगलिया में पहुंचेगा।

# छात्र संगठन एसएफआई खेतड़ी तहसील कमेटी की हुई सामूहिक मीटिंग

भीम प्रज्ञा न्यूज़.खेतड़ी।



छात्र संगठन एसएफआई खेतड़ी के तहसील कमेटी की सामूहिक मीटिंग शनिवार को सम्पन्न हुई। नीमकाथाना के एसएफआई के जिलाध्यक्ष विष्णु कुमार नायक ने बताया कि आगामी समय में छात्र संगठन एसएफआई के स्थापना दिवस 30 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा और कॉलेज कमेटी का सम्मेलन करवाया जाएगा जिसमें संगठन के सभी साथियों को भिन्न-भिन्न जिम्मेदारियां दी गई । राज्य कमेटी से पर्यवेक्षक के रूप में आए पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष निरंजन लाल सैनी ने बताया संगठन की रीड की हड्डी उसकी सदस्यता होती है अतः सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को संगठन में जोड़े और संगठन को मजबूती प्रदान करें तथा परीक्षा संबंधी विधार्थियों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है उस पर संगठन मजबूती से रणनीति बनाकर लड़ेगा । जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार सैनी ने पूर्व चेतावनी स्वरूप कहा कि अगर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षाओं में राजकीय महाविद्यालय खेतड़ी का परीक्षा केंद्र अन्यत्र महाविद्यालय में दिया गया तो छात्र संगठन एसएफआई उग्र आंदोलन करेगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार सैनी, छात्र नेत्री पायल नायक, छात्र नेत्री सीमा सैनी , पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष निरंजन लाल सैनी, जिलाध्यक्ष विष्णु कुमार नायक, रिहान कूरैशी, एकता चनानिया, मीनाक्षी सैनी, राहुल नायक,करण सैनी, राजवीर सिंह, कैफ कुरैशी, सलीम खान रोहित, बंटी, दीपक नायक, विजेश,सहित सैकड़ो विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# नीमराना के नितेश यादव को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित, जीवन रक्षक कार्य के लिए मिला पुरस्कार

भीम प्रज्ञा न्यूज़.,नीमराना।



**रमेशचंद्र ।** नीमराना प्रदेश में सड़क हादसों में घायल लोगों की जान बचाने वाले गुड सेमरिटन (जीवन रक्षक) नागरिकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शनिवार को जयपुर में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम प्रेमचंद बेरवा ने प्रदेश भर से चयनित पांच गुड सेमरिटन को सम्मानित किया। इस सम्मान से नीमराना क्षेत्र के बीघाना निवासी नितेश यादव (पुत्र सत्येंद्र यादव) को भी नवाजा गया। नितेश यादव ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए घायल व्यक्ति की समय पर सहायता कर उसकी जान बचाई, जिसके लिए उन्हें मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम द्वारा सम्मानित किया गया। नितेश यादव ने बताया कि करीब 20 दिन पूर्व वे रात्रि लगभग 9 बजे अपनी गाड़ी से माजरी कलां से गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने सड़क पर एक घायल व्यक्ति को पड़ा देखा। बिना समय गंवाए नितेश यादव ने घायल को अपनी गाड़ी से नीमराना स्थित सोनी देवी अस्पताल पहुंचाया और तुरंत इलाज करवाया, जिससे घायल व्यक्ति की जान बच सकी। नितेश यादव स्वयं नीमराना की सोनी देवी अस्पताल में मेडिकल के क्षेत्र में कार्यरत हैं। उनकी तत्परता और मानवीय सोच के कारण यह सराहनीय कार्य संभव हो पाया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ऐसे नागरिक समाज के लिए प्रेरणा हैं। उनके इस कार्य से अन्य लोग भी दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की सहायता के लिए आगे आएंगे। यह सम्मान प्रदेशवासियों के लिए मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का सशक्त संदेश है।

नितेश यादव को पुरस्कार मिलने पर सोनी देवी हॉस्पिटल की निदेशक डॉ. दीपिका यादव, डॉ. सूर्या यादव, डॉ. गजराज यादव, मेडिकल संचालक मनोज यादव एवं सगे संबंधी लोगों ने उनके द्वारा किए गए ने कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# बाबा शिव स्वरूप गौशाला नाघोरी के वार्षिक उत्सव के लिए निमंत्रण अभियान शुरू

भीम प्रज्ञा न्यूज़.नीमराना।



**रमेशचंद** ।नीमराना उपखंड के नाघोडी सिलारपुर गांव में स्थित शिव स्वरूप गौशाला नाघोरी के 25 दिसंबर के वार्षिक उत्सव को लेकर गांव गांव ढाणी में निमंत्रण देने का अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत कार्यकारणी के अध्यक्ष वीरेंद्र मास्टर , उपाध्यक्ष जसवंत साहब, पूर्व कोषाध्यक्ष नित्यानंद , जगदीश बोहरा , संजय प्रजापति ग्राम माधोसिंह पुरा में निमंत्रण देने पहुंचे। ग्राम वासियों द्वारा उनका स्वागत सम्मान किया गया और वार्षिक उत्सव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने के लिए आस्वस्त किया गया। इस मौके पर ग्रामवासी राधेश्याम सैनी, बाबूलाल सैनी, सोमनाथ सैनी , देवेंद्र सैनी, वेदप्रकाश सैनी एडवोकेट, ऋषि सैनी, होशियार सैनी, बिल्लू सैनी, पवन सैनी आदि गणमान्य उपस्थित रहे। बाबा शिव स्वरूप गौशाला नाघोरी के वार्षिक उत्सव की तैयारी जोरों पर है और सभी ग्रामवासियों को इस उत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

# रामगढ़ को पंचायत समिति बनाने पर आभार, जनसंवाद यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहपुर।

**राज वर्मा** । भाजपा नेता श्रवण चौधरी द्वारा निकाली जा रही जनसंवाद-जनसमाधान यात्रा का आज फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के हरसावा बड़ा, हरसावा छोटा, गारिंडा, जलालसर, अठवास, रूपनगर और स्वरूपसर,सुवा का बास गांवों तथा रामगढ़ शेखावाटी के वार्ड संख्या 1, 18, 19, 26 और 35 में आयोजित किया गया, जहां यात्रा का जगह-जगह गर्मजोशी से स्वागत हुआ और बड़ी संख्या में ग्रामीणों, बुजुर्गों, महिलाओं व युवाओं ने भाग लिया। यह यात्रा राजस्थान में भाजपा सरकार के दो वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तथा रामगढ़ शेखावाटी को पंचायत समिति का दर्जा दिलाने, फतेहपुर विधानसभा में 18 नई ग्राम पंचायतों के गठन और क्षेत्र में अब तक कराए गए लगभग 128 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। यात्रा के दौरान श्रवण चौधरी ने जनता को क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी, इन उपलब्धियों के लिए भाजपा सरकार के प्रति आभार जताया और कहा कि फतेहपुर के सर्वांगीण विकास के लिए वे हर समय तत्पर रहेंगे तथा जनता की आवाज को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाते रहेंगे। कार्यक्रम में रामप्रसाद सूंडा, आशु सिंह, महेंद्र खीचड़, विक्की जाट,संजय सैनी, श्रवण सेवदा,जगदीश चोटिया,प्रशांत जोशी सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, वहीं बड़ी संख्या में बुजुर्गों और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने यात्रा को और भी प्रभावशाली बना दिया। लोगों ने जनसंवाद-जनसमाधान यात्रा को विश्वास, भरोसे और विकास की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताते हुए भाजपा सरकार द्वारा क्षेत्र के विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

# बगड़िया स्कूल में हैरत अंगेज लाइव मेगा मैजिक शो में जादूगर आंचल का रोमांचक प्रदर्शन, जादुई कला देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

भीम प्रज्ञा न्यूज़.लक्ष्मणगढ़।



नगर की सुप्रतिष्ठित सी. बी. एस. सी शिक्षण संस्था बगड़िया बाल विद्या निकेतन में बुधवार को आयोजित लाइव मेगा मैजिक शो में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एशिया की पहली युवा जादूगर आंचल ने अपने अद्भुत, हैरतअंगेज और रोमांचकारी जादुई करतबों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निकेतन प्रांगण में हुए इस भव्य आयोजन में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी, अभिभावक, शहर के गणमान्य नागरिक तथा अनेक संस्थाओं के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। जादू की दुनिया में पिछले 28 सालों से अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी जादुगर आंचल ने मंच पर एक से बढ़कर एक जादुई प्रस्तुतियाँ दीं। उनकी प्रत्येक जादुई कला में रोमांच, आश्चर्य और कौतुहल का ऐसा सुंदर समन्वय देखने को मिला की सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से बार-बार गुंजायमान होता रहा। निकेतन के इस गरिमामयी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज बाटड़ सीकर भाजपा जिला अध्यक्ष, करण सिंह, एम पी राजभाषा विभाग), ललित पंवार भाजपा शहर अध्यक्ष, सुरेश बिबिपुरिया, बलबीर सिंह सचिव, पुरातन छात्र संघ,रामनिवास शर्मा कोषाध्यक्ष, पुरातन छात्र संघ, नरेश दाधीच प्राचार्य, बगड़िया बी. एड कॉलेज,पवन गोयनका सचिव, बगड़िया स्कूल, दिनकर प्रसाद पुजारी कार्यवाहक प्राचार्य, बगड़िया बाल विद्या निकेतन तथा निधि जोशी प्राइमरी इंचार्ज तथा विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। सभी आगंतुक अतिथियों ने जादूगर आंचल की जादुई कला की करतलध्वनी से प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम विद्यार्थियों की जिज्ञासा, कल्पनाशक्ति और आत्मविश्वास को नई दिशा प्रदान करते हैं व उनमें एक नये सृजन को जन्म देते है। कार्यक्रम समापन के बाद 'अतिथि दैवो भवः' की परम्परा का निर्वहन करते हुए संस्था सचिव, प्राचार्य, प्रभारी आदि सभी ने आगंतुक जादुगर आंचल व उनकी टीम का माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत-सम्मान किया।कार्यक्रम का मनमोहक, कुशल, गरिमामयी, प्रभावी शैली तथा आत्मविश्वास से भरा संचालन शिक्षिका ममता ध्यावड़ा ने किया। आगंतुक मेहमानों, अभिभावकों, दर्शकों ने इस कार्यक्रम को अनूठा, यादगार और प्रेरणादायी बताया।

### पचेरी बड़ी में नवभारत साक्षरता मिशन के तहत नुक्कड़ नाटक और कठपुतली कार्यक्रम

# CBEO वेद प्रकाश रांगेय ने साक्षरता के साथ साइबर सुरक्षा पर जागरूक होने का दिया संदेश

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.पचेरी।**

शनिवार को स्वतंत्रता सेनानी पं. ताड़केश्वर शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पचेरी बड़ी के प्रांगण में नवभारत साक्षरता मिशन ब्लॉक बुहाना के तत्वावधान में एक प्रेरणादायक सांस्कृतिक नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वेद प्रकाश रांगेय, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (CBEO) बुहाना रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप मे सुमित्रा आर्य और राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पचेरी कला के प्रधानाचार्य प्रकाश चंद उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीपाल यादव ने की।ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अरविंद मान ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करना था। कठपुतली कलाकार सुरेंद्र भट्ट और उनकी टीम द्वारा अपनी कला के माध्यम से समाज को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे बाल विवाह, नशा मुक्ति और पर्यावरण प्रदूषण से बचाव के लिए संदेश दिया गया। कलाकारों ने 'शिक्षित भारत विकसित भारत' के उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न शिक्षाप्रद एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी वेद प्रकाश रांगेय ने अपने संदेश के माध्यम से नवभारत साक्षरता मिशन के व्यापक लक्ष्यों पर प्रकाश डाला।उन्होंने बताया कि इस मिशन के माध्यम से न केवल बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, बल्कि वित्तीय साक्षरता, विधिक साक्षरता और वर्तमान समय की आवश्यकता साइबर सुरक्षा के प्रति भी आमजन को जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापक भूप सिंह ने किया। बालिका विद्यालय साक्षरता प्रभारी डॉक्टर हरद्वारी लाल ने सभी आगंतुकों, शिक्षकों और ग्रामीणों का अभिनंदन एवं स्वागत किया। इस अवसर पर नोडल अधीनस्थ विद्यालयों के विद्यार्थी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, नव साक्षर स्वयंसेवक एवं अनेक ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

## गुहाला में नि:शुल्क मोतियाबिन्द जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

### राजकीय उच्च माध्यमिक अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में होगा शिविर

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**सीकर /उदयपुरवाटी /सुमेर मीणा ।** जिले के गुहाला में श्रीमती चन्दा देवी मोदी राजकीय उच्च माध्यमिक अंग्रेज माध्यम विद्यालय गुहाला,नीमकाथाना में 28 दिसंबर रविवार को स्वर्गीय श्री ग्यारसी लाल जी मोदी पुण्य स्मृति में मोदी परिवार की और से आयोजित किया जा रहा है। यह पंचम् नि:शुल्क मोतियाबिन्द जांच व नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर होगा। गुहाला के बसंतीलाल सैनी ( गुरुजी ) ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर मे आए हुए सभी जांच अत्याधुनिक तकनीक व विषय विशेषज्ञों द्वारा की जावेगी। सर्जरी योग्य रोगियों का बिना टांके का आपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिन्द वाले रोगियों को नि:शुल्क चश्मा, भोजन,व रहने की नि:शुल्क व्यवस्था दी जाएगी। सर्जरी के लिए चुने गए व्यक्तियों के लिए अस्पताल तक आने जाने की नि:शुल्क परिवहन सुविधा रहेगी।अपने साथ एक जोडी कपडे अवश्य साथ लावे।जो लोग हृदयरोग,बी पी,मधुमेह व अस्थमा से ग्रसित हो वो वर्तमान मे चल रही दवाइयां व डाक्टर की पर्ची साथ लेकर आवे।मरीज अपना मोबाइल नंबर व आधार कार्ड की दो फोटो कापी साथ अवश्य लावे।

## लटेरी के झूकर जोगी से अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार, 38,000/- रुपये का माल जब्त

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

विदिशा / जितेन्द्र प्रजापति । पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी जय कुमार सिंह के नेतृत्व में लटेरी पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर ग्राम झुकर जोगी में दबिश देकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से कुल 07 पेटी अवैध शराब जब्त की गई, जिसमें 05 पेटी देशी प्लेन मदिरा, 01 पेटी देशी लाल मसाला और 01 पेटी सन्नी रम शामिल है। जब्त किए गए मशरूका की कुल कीमत 38,000/- रुपये आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ थाना लटेरी में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच की जा रही है।

## राज्य सरकार के 2 वर्ष पूरे होने पर रक्तदान शिविर आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**फुलेरा /(दामोदर कुमावत)।** राजस्थान सरकार के सफलतम 2 वर्ष पूर्ण होने पर 15 दिसंबर 25 को आरोग्य शिबिर का आयोजन किया जाएगा। तुलसी फाउंडेशन एवं फुलेरा ब्लड सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इस
में आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान शिविर में भाग ले। वही आयोजकों ने बताया है कि इस शिविर में ब्लड डोनेशन करने वाले लोगों को है उनके व उनके परिवार के सदस्य को जरूरत पड़ने पर निशुल रक्त उपलब्ध कराया जाएगा ।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का डोटासरा को जवाब

### अल्बर्ट हॉल क्यों, डोटासरा प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायत में करें बहस


**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर, ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष द्वारा शुक्रवार को दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि डोटासरा के पास यदि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार से तुलना करने लायक तथ्य हैं, तो वे अल्बर्ट हॉल की बजाय विधानसभा में बहस करें। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री जी से आग्रह करूंगा कि वे विधानसभा सत्र के दौरान एक पूरा दिन कांग्रेस के 5 साल और भाजपा शासन के 2 वर्ष के कार्यकाल पर बहस करवाएं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष और अन्य नेता झूठ का पुलिंदा लिए घूमते हैं। जिन लोगों ने राज्य की जनता के अमूल्य 5 वर्ष आपसी फूट और लड़ाई में बर्बाद कर दिए, वे आज जनता के लिए बेहतरीन काम कर रही सरकार के खिलाफ झूठी बातें परोस रहे हैं और विधानसभा में बहस करने से भाग रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में इन 2 वर्षों में राज्य की जनता के लिए भाजपा सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। चाहे पानी के लिए महतवपूर्ण समझौते करना हो, ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाना हो, युवाओं को रोजगार देना हो, उद्योग, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास कार्य कराना हो-सभी क्षेत्रों में राज्य सरकार ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस राज में राजस्थान जिस बदहाली के दौर से गुजर रहा था, वो किसी से छुपा हुआ नहीं है। महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, पेपरलीक, महिला अत्याचार, साम्प्रदायिक दंगे और साइबर अपराध जैसे मामलों में राजस्थान देश में नम्बर 1 राज्य बन गया था। आज भाजपा की सरकार में राजस्थान की जनता को कांग्रेस के काले कारनामों से छुटकारा मिला है। भाजपा सरकार ने सभी मामलों में प्रभावी कार्रवाई कर दोषी लोगों को कटघरे में खड़ा किया है। इन सभी विषयों पर प्रभावी कार्यक्रम-नीति बनाकर सभी वर्गों को राहत देने का काम इस सरकार ने किया और इन क्षेत्रों में 2 वर्ष के कालखंड में ही उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

## अमृता हाट: रविवार को होगा समापन, शनिवार तक बिके 24 लाख के उत्पाद

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.बीकानेर।**

सोहनलाल परिहार । जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग की ओर से ग्रामीण हाट में आयोजित अमृता हाट मेले के दौरान शनिवार को विभिन्न गतिविधियां आयोजित हुई। इस दौरान पीसीपीएनडीटी, पोश तथा उद्यमिता विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक रमेश ताम्बिया और लीड बैंक मैनेजर लक्ष्मणराम मोडासिया ने बैंक तथा नाबार्ड की योजनाओं के बारे में बतायां उन्होंने महिलाओं को बाजार की आवश्यकता और मांग को ध्यान में रखते हुए अपने उत्पाद की कीमत तथा प्रदर्शन के लिए मार्गदर्शित किया। इसी के साथ ओएससी केंद्र प्रबंधक सरिता गोदारा ने महिलाओं से संबंधित अधिनियमों एवं कानूनों को जानकारी दी। कार्यक्रम में 80 महिलाओं की सहभागिता रही। इसके साथ ही नेल आर्ट और मेकअप की लाइव क्लास के साथ अमृता शेफ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ममता सारस्वत ने अमृता हाट जैसे प्लेटफार्म को महिलाओं के लिए लाभदायक बताया और ऐसे आयोजनों के महत्व और उद्देश्य के बारे में बताया। इस दौरान अमृता शेफ प्रतियोगिता के ज्यूरी सदस्यों डॉ. अभिलाषा आल्हा, डॉ गार्गी राय चौधरी और रजनी कालरा ने सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन किया। महिला अधिकारिता की उपनिदेशक डॉ. अनुराधा सक्सेना ने अमृता हाट मेले के दौरान हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमो की जानकारी दी और बताया कि आमजन द्वारा महिलाओं द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित उत्पादों को पंसद किया जा रहा है। इस दौरान महिला अधिकारिता विभाग सीकर के उपनिदेशक राजेन्द्र कुमार चौधरी, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सुभाष विश्नोई ने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महिलाएं सशक्त होंगी तो समाज समृद्ध होगा। इस दौरान उरमूल ट्रस्ट के रमेश सारण, नरेंद्र सिंह चौधरी, डॉ अनिल जुनेजा, प्रतीक चलाना, डॉ गुरजीत कौर तथा डॉ हरमीत मौजूद रहे। मेले में 13 दिसंबर तक 24 लाख रुपए के उत्पाद बिके।



## शिक्षक झुरिया का किया शिक्षक संघ ने स्वागत



**भीम प्रज्ञा न्यूज़.लक्ष्मणगढ़।**

राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा लक्ष्मनगढ की ओर से राजकीय सेवा कार्य सफलतापूर्वक करने पर सेवानिवृत्त हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चारण की नाऊ के शिक्षक भंवर सिंह झुरिया का माल्यार्पण कर साफा पहनाकर व प्रतिक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला संघर्ष समिति के संयोजक रामावतार फगेडिया, अध्यक्ष महेश कुमार गढ़वाल पूर्व अध्यक्ष प्रेमसिंह डोटासरा, सुरेंद्र सिंह पूनिया, मंत्री दिनेश बगड़िया, सदस्य ओमप्रकाश सर्वा, संदीप जांगिड़ आदि मौजूद थे।

## भाजपा किसान मोर्चा में डॉ. नवीन कुमार ठोलिया बने झुंझुनूं जिला संयोजक

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।**



भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री आदरणीय श्री भागीरथ चौधरी के निर्देशानुसार राजस्थान सरकार के गौरवशाली दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 10 दिसंबर 2025 से 25 दिसंबर 2025 तक चलाए जा रहे 'सुशासन पखवाड़ा' को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा किसान मोर्चा द्वारा संगठनात्मक नियुक्तियां की गई हैं।इसी क्रम में डॉ. नवीन कुमार ठोलिया को भाजपा किसान मोर्चा के सोशल मीडिया कार्यक्रम हेतु झुंझुनूं जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर डॉ. ठोलिया ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सुशासन के संदेश को आमजन तक पहुंचाया जाएगा।

## खेतड़ी में विरासत दिवस समारोह, पन्ना शाह तालाब जगमगाया

### स्वामी विवेकानंद और राजा अजीत सिंह की झांकियां निकाली



**भीम प्रज्ञा न्यूज़**

**खेतड़ी ।** शुक्रवार देर शाम रामकृष्ण मिशन द्वारा विरासत दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर ऐतिहासिक पन्ना शाह तालाब को 13 हजार दीपकों से जगमग किया गया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद और राजा अजीत सिंह की झांकियां भी निकाली गई। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर थे, जबकि मिशन सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज और शिक्षाविद् अशोक सिंह शेखावत विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष गीता सैनी ने की। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद और राजा अजीत सिंह की झांकियां भी निकाली गई। विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि खेतड़ी की ये भूमि दो महान विभूतियों, स्वामी विवेकानंद और राजा अजीत सिंह की दोस्ती के लिए जानी जाती है। उन्होंने युवाओं को इन महान हस्तियों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि खेतड़ी की विरासत ने स्वामी विवेकानंद को सनातन धर्म को विश्व पटल पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। राजा अजीत सिंह के सहयोग से ही स्वामी विवेकानंद 1893 में शिकागो धर्म सम्मेलन में पहुंचे थे, जहां उन्होंने सनातन धर्म और संस्कृति का परचम लहराया था। कार्यक्रम के तहत, खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल के सामने लगी राजा अजीत सिंह की प्रतिमा से स्वामी विवेकानंद और राजा अजीत सिंह की सजीव झांकियां शुरू हुई। ये झांकियां पूरे कस्बे से होते हुए ऐतिहासिक पन्ना शाह तालाब पर पहुंचीं, जहां मुख्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पार्षद लीलाधर सैनी, सुधीर गुप्ता, राजेंद्र यादव, महावीर प्रसाद, अमित सैनी, रमाकांत वर्मा, एसआई सुनील सैनी, विजेश कुमार, रविन्द्र सैनी, योगेश सोनी, प्रदीप झुंझुनूवाला, कृष्ण कुमार, तरुण सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## शाकंभरी सकराय धाम की विशाल पैदल चुनरी यात्रा 3 जनवरी को महिलाओं द्वारा घर-घर में बूटियां लगाने का मंगल गीतों के साथ चल रहा है कार्यक्रम

### वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉक्टर सुमन मीणा के आवास पर महिलाओं ने सजाई मां शाकंभरी की चुनरी

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.उदयपुरवाटी**

सुमेर मीणा । आगामी 3 जनवरी को उदयपुरवाटी कस्बे में स्थित जमात के पास गणपति मैरिज गार्डन से मां शाकंभरी सकराय धाम तक हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं द्वारा माता की विशाल पैदल चुनरी यात्रा निकाली जाएगी यचुनरी यात्रा को लेकर शेखावाटी के अलावा देश-विदेश में भी तैयारियां जोर-शोर से चल रही है शनिवार को डॉ मुकेश मीणा पत्नी सुमन मीणा के आवास पर महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाकर माता की चुनरी के बूटियां लगाई गई व महिलाओं ने माता की चुनरी सजाई चुनरी यात्रा के संयोजक मूलचंद सैनी एवं ओम प्रकाश सैनी बैटरी वाले ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 जनवरी को कस्बे में स्थित गणपति मैरिज गार्डन से घोड़ियों पर झांकियां सजाई जाएगी रथ पर माता की सवारी



विराजमान कर कस्बे के मुख्य मार्गो से निकाली जाएगी जिसमें ढाई किलोमीटर की यात्रा होगी व 8000 फीट लंबी चुनरी यात्रा निकालने का कार्यक्रम है चुनरी यात्रा संयोजक मूलचंद सैनी के अनुसार चुनरी यात्रा के दौरान 3 जनवरी को ड्रोन कैमरे से वीडियोग्राफी की जाएगी इसके साथ ही चुनरी यात्रा गणपति मैरिज गार्डन से रवाना होकर चुंगी नंबर 3 नई सब्जी मंडी, घूम चक्कर, शाकंभरी गेट होती हुई गाजे बाजे के साथ शाकंभरी सकराय धाम पहुंचेगी रास्ते में शाकंभरी कुटुंब परिवार की तरफ से श्रद्धालुओं के लिए जलपान एवं फलहार की भी व्यवस्था रहेगी चुनरी यात्रा के दौरान रास्ते में डॉक्टरो की टीम भी साथ रहेगी शनिवार को डॉक्टर सुमन मीणा के आवास पर उषा शर्मा, किरण शर्मा, कृष्णा शर्मा ,पिंकी शर्मा, रेखा सोनी, राजू सोनी, मेनका सोनी, ललित सोनी, अनीता सोनी, किरण सेन ,लक्ष्मी सोनी, सुलोचना, सुनीता सोनी सहित कई महिलाएं मौजूद रही

## मुख्यमंत्री के जन्म दिवस व सरकार की सफलतम द्वितीय वर्षगांठ पर भाजपा नेता पवन कुमार जोशी टीम की ओर से स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.लक्ष्मणगढ़।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस एवं राजस्थान भाजपा सरकार की सफलतम द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष में भाजपा नेता पवन कुमार जोशी टीम की ओर से 15 दिसंबर सोमवार को प्रातः 9.15 बजे से



शाम 4 बजे तक सीकर के गोकुलपुरा तिराहा स्थित मुस्कान मैरिज गार्डन में स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। भाजपा नेता पवन कुमार जोशी ने युवाओं का आव्हान किया है कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य का नहीं हैं रक्तदान जीवनदान व रक्तदान महादान में अपनी स्वैच्छिक भागीदारी निभाते हुए पुण्य लाभ कमाएं। उल्लेखनीय है कि कि गत वर्ष 2024 में भी टीम पवन कुमार जोशी की ओर से मुख्यमंत्री के जन्म दिवस पर सीकर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था।

### खिरोड़ गैंगवार में हिस्ट्रीशीटर गोलू स्वामी की मौत

# छोटे भाई ने दी मुखाग्नि, शनिवार शाम हुआ अंतिम संस्कार, भारी पुलिस बल तैनात रहा

**भीम प्रज्ञा न्यूज़**

**रानौली ।** सीकर जिले में पलसाना नवलगढ़ उपखंड के गोठड़ा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को खिरोड़ गांव के पास गैंगवार हुई। इस वारदात में रानोली थाने का हिस्ट्रीशीटर कृष्णकांत उर्फ रविकांत उर्फ गोलू स्वामी और सुनील सुंडा की मौत हो गई।
पुलिस के अनुसार यह घटना शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे हुई। हिस्ट्रीशीटर रविंद्र कटेवा अपने मकान पर मौजूद था। तभी एक स्विफ्ट कार में गोलू स्वामी अपने तीन साथियों के साथ वहां पहुंचा और रविंद्र पर फायरिंग शुरू कर दी। हालांकि रविंद्र झुककर बच गया। फायरिंग के बाद आरोपी कार में बैठकर भागने लगे। रविंद्र के साथ मौजूद सुनील सुंडा ने



कार का स्टेयरिंग पकड़कर उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान गोलू स्वामी और उसके साथियों ने सुनील पर गोली चला दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोपी मुख्य सड़क छोड़कर कच्चे रास्ते पर भागे। करीब तीन किलोमीटर दूर तुर्काणी जोहड़ी के पास गोलू स्वामी को घेर लिया गया, जहां फायरिंग में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय, एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत और गोठड़ा थाने के सीआई धर्मेंद्र मीणा सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों ने दो अन्य बदमाशों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।
पलसाना निवासी हिस्ट्रीशीटर गोलू स्वामी का शनिवार देर शाम अंतिम संस्कार किया गया। उसके छोटे भाई संदीप ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान मौके पर भारी पुलिस जाप्ता तैनात रहा।

## नीमकाथाना में शहीद जेपी यादव को दी श्रद्धांजलि:24वीं पुण्यतिथि का आयोजन, शहादत को याद किया

**भीम प्रज्ञा न्यूज़**

**नीमकाथाना** में संसद हमले के शहीद जेपी यादव की 24वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर जेपी यादव पार्क में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने दो मिनट का मौन धारण कर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में विधायक सुरेश मोदी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ साख, पुलिस उपाधीक्षक सुशील मान, थाना अधिकारी विजेंद्र सिंह, भाजपा नेता प्रमोद बाजोर और महेंद्र मांडीया सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।
उपस्थित अतिथियों ने शहीद जेपी यादव के



बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि जेपी यादव ने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए आतंकवादियों से लोहा लिया और शहीद हो गए। उनके इस अदम्य साहस और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने नीमकाथाना ही नहीं, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया। बता दें कि 2001 में आतंकवादियों ने संसद पर हमला किया था। इस हमले को नाकाम करने में जयप्रकाश यादव का अदम्य साहस महत्वपूर्ण रहा। वे निहत्थे ही आतंकवादियों से भिड़ गए और उनकी गोली का शिकार होकर वीरगति को प्राप्त हुए।

# राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे: अजमेर में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी बोलीं-वादे नहीं, धरातल पर उतरे काम

**भीम प्रज्ञा न्यूज़**

**अजमेर ।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज अजमेर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए सरकार के दो वर्षों के कार्यों, उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार ने बीते दो वर्षों में अजमेर सहित पूरे प्रदेश में सर्वांगीण विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो वादे जनता से किए थे, उन्हें केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रखा बल्कि धरातल पर उतारकर पूरा किया।उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करते हुए अब तक 90 हजार से अधिक नौकरियां प्रदान की हैं। साथ ही महिला सुरक्षा को लेकर भी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और कई योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सीधा लाभ मिल रहा है। उपमुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में जनता को केवल गुमराह किया गया। सड़कों की बदहाली और अपराध के बढ़ते आंकड़े किसी से छिपे नहीं थे। वर्तमान सरकार ने सड़कों के दुरुस्तीकरण के साथ-साथ अपराध दर में भी कमी लाकर दिखाया है।

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। पेपर लीक के मामलों को लेकर कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में कई पेपर लीक हुए, जबकि वर्तमान सरकार ने न केवल पेपर लीक को रोका बल्कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की गई। प्रेस ब्रीफिंग के बाद उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा जन जागृति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और लोगों से यातायात नियमों की पालना करने की अपील की। साथ ही प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को आमजन तक पहुँचाने के लिए प्रगति रथों को भी रवाना किया गया। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।
कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, केंद्रीय राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी, अजमेर दक्षिण विधायक श्रीमती अनीता भदेल, नसीराबाद विधायक श्री रामस्वरूप लांबा, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश भढ़ाना, महापौर श्रीमती बृजलता हाड़ा, उप महापौर श्री नीरज जैन, अजमेर देहात जिला अध्यक्ष श्री जीतमल प्रजापत सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया- पैराडाइवर प्लेन के विंग में फंसा

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया क्वींसलैंड में 15,000 फीट की ऊंचाई पर स्काईडाइवर का इमरजेंसी (रिजर्व) पैराशूट अचानक खुलकर प्लेन के पिछले विंग में फंस गया। यह घटना स्काईडाइवर के प्लेन से कूदने से ठीक पहले हुई। ऑस्ट्रेलिया की ट्रांसपोर्ट सेफ्टी एजेंसी ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें स्काईडाइवर काफी देर तक हवा में लटका नजर आ रहा है। इसके बाद वह पैराशूट की सभी 11 रस्तियां काटकर खुद को आजाद कराता है। इसके बाद स्काईड्राइवर मेन पैराशूट खोलकर लैंडिंग करता है। यह 20 सितंबर की घटना है, जिसका वीडियो अब जारी हुआ है। ट्रांसपोर्ट सेफ्टी एजेंसी की रिपोर्ट में इस स्काइडाइवर को 'P1' कहा गया है। उन्होंने अपने पास रखे एक खास टूल, हुक नाइफ, की मदद से खुद को मुश्किल से छुड़ाया और हल्की चोटों के साथ नीचे उतरने में कामयाब रहे। 'मिड वेज एट द बीच' कार्यक्रम के दौरान



स्टंट में 16 स्काई डाइवरों को 15,000 फीट (4,600 मीटर) की ऊंचाई से छलांग लगानी थी और फिर अपने पैराशूट खोलकर एक-दूसरे का हाथ पकड़कर एक चेन बनानी थी पूरे कार्यक्रम को एक पैराशूटिंग कैमरा ऑपरेटर शूट कर रहा था। लेकिन जैसे ही पहला स्काई डाइवर विमान से बाहर निकला, कुछ ही सेकंड में पूरी योजना गड़बड़ा गई। रिपोर्ट के अनुसार, स्काइडाइवर लगभग 15,000 फीट कीऊंचाई पर क्वींसलैंड के ऊपर था। प्लेन में कुल 17 स्काइडाइवर थे। जैसे ही वह कूदने के लिए आगे बढ़ा, उसके रिजर्व पैराशूट का हैंडल विमान के विंग फ्लैप में फंस गया और घूम गया। पैराशूट तुरंत खुल गया और हवा लगते ही वह पीछे की ओर तेजी से खिंच गया। इससे पास बैठे एक स्काइडाइवर का संतुलन बिगड़ा और वह हवा में गिर गया। नारंगी रंग का पैराशूट विमान की पूंछ में लिपट गया और P1 नीचे की ओर लटक गया। इस दौरान पायलट को अचानक महसूस हुआ कि विमान ऊपर उठ रहा है और उसकी रफ्तार कम हो गई है। तब पायलट ने मेडे कॉल किया और खुद कूदने की तैयारी करने लगा। हालांकि जब उसे बताया गया कि एक स्काइडाइवर विंग में फंस गया है, तो उसने इंजन की पावर घटा दी।

### सैन फ्रांसिस्को में गैस विस्फोट, 6 लोग घायल



**कैलिफोर्निया।** कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को के अश्लैंड इलाके में एक भयानक गैस विस्फोट हुआ। इसमें 4 मकान पूरी तरह तबाह हो गए और छह लोग घायल हो गए हैं। यह हादसा सड़क पर मरम्मत के दौरान हुआ। सड़क चौड़ी करने और बाइक लेन बनाने वाली लेवलिंग मशीन ने गलती से जमीन के नीचे दबी हाई-प्रेशर गैस पाइपलाइन को तोड़ दिया। पेसेफिक गेस कंपनी को सुबह 7:30 बजे इसकी सूचना मिली, लेकिन गैस कई जगहों से रिस रही थी, इसलिए लाइन पूरी तरह बंद करने में 2 घंटे का समय लग गया। ठीक 9:35 बजे के करीब, यानी गैस बंद होने के सिर्फ दस मिनट बाद जोरदार धमाका हो गया। धमाके की तीव्रता इतनी थी कि आसपास के घर हिल गए, दीवारों से सामान गिर पड़ा और दूर तक धुआं और मलबा कई फीट तक ऊपर उड़ गया। पड़ोस में रहने वाली ब्रिटनी माल्दोनाडो ने बताया, "हम घर में बैठे थे, अचानक सब कुछ जोर से हिलने लगा, सामान गिरने लगा, लगा जैसे कोई बम फट गया या कोई गाड़ी सीधे हमारे लिविंग रूम में घुस आई हो।" घायलों में से तीन को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, बाकी तीन को मामूली चोटें आईं। ये घायल मजदूर थे या स्थानीय निवासी, अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

### इंडिगो पर एक्शन, 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर सस्पेंड

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में फ्लाइट कैंसिल को लेकर जारी संकट के बीच लगातार एक्शन हो रहा है। DGCA ((नागरिक उड्डयन नियामक) ने शुक्रवार को एयरलाइन की सुरक्षा और ऑपरेशनल नियमों की गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया है। इधर इंडिगो के CEO पीटर एल्बर्स आज लगातार दूसरे दिन DGCA के सामने पेश होंगे। इससे पहले गुरुवार को पीटर से अधिकारियों ने करीब 2 घंटे की पूछताछ की थी। इसमें ऑपरेशंस, क्रू मैनेजमेंट, रिफंड, मुआवजे से जुड़े सवाल-जवाब किए गए। वहीं बेंगलुरु एयरपोर्ट से शुक्रवार को इंडिगो की 54 फ्लाइट कैंसिल हुई हैं। इनमें 31 आने वाली (अराइवल) और 23 जाने वाली (डिपार्चर) फ्लाइट शामिल हैं। इससे पहले गुरुवार को दिल्ली और बेंगलुरु एयरपोर्ट पर 200 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुई थीं। इस बीच, देश में कम किराए वाली विमान सेवा शुरू करने वाले कैप्टन गोपीनाथ ने कहा कि इंडिगो संकट शायद इसलिए बढ़ा, क्योंकि एयरलाइन संचालकों में घमंड और ओवरकॉन्फिडेंस आ गया था। इसलिए एयरलाइन हालात नहीं समझ पाई।

### पूर्व गृहमंत्री शिवराज पाटिल का 90 की उम्र में निधन

**लातूर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का शुक्रवार को 90 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने लातूर में सुबह 6.30 बजे अंतिम सांस ली। शिवराज पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। लातूर में उनके घर देवघर में उनका इलाज चल रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाटिल का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। शिवराज के परिवार में उनके बेटे शैलेश, बहू अर्चना और दो पोतियां हैं। पाटिल लातूर लोकसभा सीट से 7 बार सांसद रहे। शिवराज को इंदिरा गांधी और राजीव गांधी का विश्वासपात्र माना जाता था। वे 1980 के दशक में इंदिरा और राजीव की सरकारों में रक्षा मंत्री रहे। इसके अलावा वे 1991 से 1996 तक लोकसभा के 10वें अध्यक्ष रहे। 2004 से 2008 तक केंद्र में गृह मंत्री रहे। हालांकि मुंबई हमले में सुरक्षा चूक की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी हमलों के दौरान उन्हें काफी आलोचना झेलनी पड़ी। देश में इतने बड़े संकट के बावजूद शिवराज ने एक ही दिन में कई बार ड्रेस बदली। इसके लिए उनकी आलोचना हुई।

### हिमाचल में जमने लगा बहता पानी, मैदानी इलाकों में कोहरे से बढ़ी ठंड

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बहता पानी जमने लगा है। खासकर लाहौल घाटी में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। वहीं मैदानी इलाकों में कोहरा लोगों की मुश्किलें बढ़ा रहा है। बिलासपुर और मंडी में आज सुबह के वक्त भी विजिबिलिटी 50 मीटर से भी नीचे गिर गई। सोलन, कांगड़ा, हमीरपुर और ऊना के निचले इलाकों में भी सुबह 10 बजे तक कोहरा छाया रहा। मैदानी इलाकों में कोहरा छाने से निरंतर ठंड बढ़ रही है। इसके विपरीत, ठंडे शहर शिमला, कुफरी और नारकंडा में रात के तापमान में उछाल आया है। शिमला का न्यूनतम तापमान नॉर्मल से 3.5 डिग्री के उछाल के साथ 9.2 डिग्री सेल्सियस हो गया है, जबकि मैदानी इलाकों में तापमान जमाव बिंदु के आसपास पहुंच गया है। कुल्लू के बजौरा का तापमान 1.4 डिग्री, सुंदरनगर 2.7, भुंतर 2.0, सोलन 2.6, मनाली 2.7, पालमपुर 4.5, मंडी 3.8 और हमीरपुर का 4.3 डिग्री तक गिर गया है। लाहौल स्पीति के ताबो का माइनस -4.0 डिग्री और कुकुमसैरी का माइनस -5.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश के 13 शहरों में 5 डिग्री सेल्सियस से कम, 8 शहरों में 3 डिग्री से कम और 26 जगह 10 डिग्री से नीचे तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, जब तक पहाड़ों पर अच्छी बारिश-बर्फबारी नहीं होती, तब तक मैदानी इलाकों में कोहरे से राहत नहीं मिलेगी। मगर अगले एक सप्ताह तक अच्छी बारिश-बर्फबारी के आसार नहीं है। हालांकि, 13 और 14 दिसंबर वेस्टर्न डिस्टरबेंस जरूर एक्टिव हो रहा है, लेकिन इससे चंबा, किन्नौर, कुल्लू और लाहौल-स्पीति के अधिक ऊंचे क्षेत्रों में हल्की बारिश-बर्फबारी जरूर हो सकती है।


# राजस्थानः गैंगवार में हिस्ट्रीशीटर समेत 2 बदमाशों की हुई मौत

**एजेंसी, नवलगढ़ (झुंझुनूं)**

राजस्थान के झुंझुनूं में हुई गैंगवार में हिस्ट्रीशीटर समेत 2 बदमाशों की मौत हो गई। गैंगवार नवलगढ़ के गोठड़ा थाना क्षेत्र के खिरोड़ की शुक्रवार सुबह 9 बजे है। भीड़ ने दो बदमाशों को पकड़कर पीट दिया। पुलिस ने बताया गैंगवार में हिस्ट्रीशीटर कृष्णकांत उर्फ रविकांत उर्फ गोलू स्वामी और सुनिल सुंडा की मौत हो गई। ग्रामीणों ने कहा- शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे रविंद्र कटेवा (गोठड़ा थाने का हिस्ट्रीशीटर) कैमरी की ढाणी स्थित अपने मकान पर था। सुनील सुंडा निवासी ढाका की ढाणी भी रविंद्र के साथ था। इस दौरान मकान में एक स्विफ्ट कार आकर रुकी।

**नीचे झुककर रविंद्र कटेवा ने बचाई जानः** कार में रानोली थाने का पलसाना निवासी हिस्ट्रीशीटर कृष्णकांत उर्फ रविकांत उर्फ गोलू स्वामी अपने तीन और साथियों के साथ पहुंचा। उसने आते ही हिस्ट्रीशीटर रविंद्र कटेवा पर फायरिंग की। रविंद्र कटेवा नीचे झुक गया और बच गया। फायरिंग के बाद कृष्णकांत और उसके साथी मौके से भागने लगे और गाड़ी में बैठ गए।

**सुनिल ने पकड़ा तो गोली मारीः** इसी दौरान सुनिल सुंडा ने कृष्णकांत की गाड़ी का



स्टेयरिंग पकड़ लिया और उसे भागने से रोकने लगा। कृष्णकांत और उसके साथियों ने सुनिल पर फायरिंग कर डाली। जिससे वह घायल हो गया और कृष्णकांत उसके साथी मौके से भाग गए।

**कच्चे रास्ते पर भागे आरोपीः** ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी गाड़ी से मुख्य रास्ते की बजाय हड़बड़ाहट में कच्चे रास्ते पर चले गए। आगे कृष्णकांत और उसके साथियों को भागने का रास्ता नहीं मिला, तो सभी ने गाड़ी छोड़ी और पैदल ही भागने लगे। 3 किमी दूर तुर्काणी जोहड़ी के पास रविंद्र कटेवा और उसके साथियों ने कृष्णकांत को घेर लिया। जहां पर फायरिंग हुई। मौके पर कृष्णकांत की लाश मिली है। घटना के बाद से हिस्ट्रीशीटर रविंद्र कटेवा भी फरार है।

**3 किलोमीटर दूर तक एक-दूसरे पर गोलियां चलाते रहे, भीड़ ने 2 बदमाशों को पकड़कर पीटा**

**एसपी समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचेः** घटना की सूचना पर एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय, एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत, गोठड़ा सीआई धर्मेंद्र मीणा समेत अन्य पुलिस अधिकारी पहुंचे हैं। जिन्होंने कृष्णकांत के शव को कब्जे में ले लिया है। जिसकी मौत गोली लगने से हुई है। वहीं, घायल सुनिल सुंडा ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। मामले में अभी साफ नहीं हो पाया है कि रविंद्र कटेवा की दुश्मनी कृष्णकांत से थी या कृष्णकांत रविंद्र कटेवा को मारने के लिए सुपारी लेकर पहुंचा था। इन सब बातों की पुलिस जांच कर रही है। दो बदमाश पिंटू और राजेंद्र हटवास को भागते वक्त स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया था और पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गए, उन्हें इलाज के लिए सीकर लाया गया है। पुलिस ने उन्हें राउंडअप कर लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# एक व्यक्ति की जनगणना पर 97 रुपए खर्च आएगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश में 2027 में पहली बार जनगणना डिजिटल होगी। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कैबिनेट मीटिंग में इसके लिए 11,718.24 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इसके मुताबिक एक व्यक्ति की जनगणना पर सरकार के करीब 97 रुपए खर्च होंगे। दरअसल 2011 की जनगणना में भारत की आबादी लगभग 121 करोड़ थी। अगर इसे आधार माना जाए तो 1 व्यक्ति की गणना करने में करीब 97 रुपए खर्चा (11,718.24 करोड़ रुपए/121 करोड़ आबादी) आएगा। अगर 150 करोड़ अनुमानित जनसंख्या मानी जाए तो प्रति व्यक्ति 78 रुपए खर्च होगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 30 लाख कर्मचारी डिजिटल जनगणना पूरी करेंगे। यह CaaS सॉफ्टवेयर से होगी और इसका डिजाइन डेटा सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जनगणना दो चरणों में होगी। फेज-1 (अप्रैल–सितंबर 2026) में घरों की लिस्ट और गिनती होगी। फेज-2 (फरवरी 2027) में आबादी की गिनती होगी।

**कोपरा के लिए MSP तयः** इसके अलावा कैबिनेट ने CoalSETU विंडो को मंजूरी दी है। इसके तहत अलग-अलग इंडस्ट्रियल



**◆ केंद्र ने जनगणना 2027 के लिए 11,718 करोड़ मंजूर किए, पहली बार डिजिटली होगा सेंसस**


इस्तेमाल और एक्सपोर्ट के लिए कोल लिंकेज की नीलामी, सही पहुंच और रिसोर्स का सबसे अच्छा इस्तेमाल पक्का करना है। सरकार ने 2026 सीजन के लिए कोपरा के मिनिमम सपोर्ट प्राइस (MSP) को मंजूरी दी। 2026 सीजन के लिए फेयर एवरेज क्वालिटी मिलिंग कोपरा के लिए MSP 12,027 रुपए प्रति क्विंटल और बॉल कोपरा के लिए 12,500 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। 2026 सीजन के लिए MSP में पिछले सीजन के मुकाबले मिलिंग कोपरा के लिए 445 रुपए प्रति क्विंटल और बॉल कोपरा के लिए 400 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है।

# पाकिस्तानी नाव में सवार 11 मछुआरे पकड़ाए

**एजेंसी, कच्छ**

इंडियन कोस्ट गार्ड ने कच्छ के अरब सागर में गुरुवार की रात एक पाकिस्तानी नाव पकड़ी है। 'अलवली' नामक इस नाव पर 11 पाकिस्तानी मछुआरे सवार थे, जो भारतीय जलक्षेत्र में घुस आए थे। नाव बुधवार को कोस्ट गार्ड ने अरब सागर में पेट्रोलिंग के दौरान पकड़ी। पकड़े गए सभी मछुआरों को आगे की पूछताछ के लिए जखौ पोर्ट लाया गया है।

मछली पकड़ने भारतीय सीमा में घुसे थे शुरुआती जांच में पता चला है कि ये मछुआरे मछली पकड़ने के मकसद से भारतीय जलक्षेत्र में घुसे थे। हालांकि यह साफ नहीं हुआ है कि पकड़े गए मछुआरों के पास मछली पकड़ने के सामान के अलावा कोई और संदिग्ध चीज मिली है या नहीं। मछुआरों से अलग-अलग जांच एजेंसियां उनसे पूछताछ कर रही हैं।



**◆ भारतीय जलक्षेत्र में घुस आई थी अलवली नाम की बोट, संदिग्ध सामानों की जांच जारी**

कोस्ट गार्ड ने स्पष्ट किया कि समुद्र में एक पाकिस्तानी बोट पकड़ी गई है। इस मामले में जखौ मरीन पुलिस कार्रवाई कर रही है। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बल को सौंप दिया जाएगा।

# राहुल की सांसदों के साथ बैठक में नहीं पहुंचे थरूर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद शशि थरूर शुक्रवार को संसद भवन के एनेक्स एक्सटेंशन बिल्डिंग में कांग्रेस सांसदों की बैठक में शामिल नहीं हुए। राहुल गांधी की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। इसमें 99 सांसद शामिल हुए थे। बैठक में शीतकालीन सत्र के दौरान अब तक पार्टी के सांसदों के परफॉर्मेंस की समीक्षा की गई। पार्टी सूत्रों के अनुसार, थरूर ने पहले ही पार्टी को अपनी गैरहाजिरी के बारे में जानकारी दे दी थी। थरूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर गुरुवार को बताया था कि वे कोलकाता में अपने एक पुराने दोस्त की शादी में पहुंचे हैं। यह लगातार तीसरी बार है, जब थरूर शीतकालीन सत्र से जुड़ी अहम बैठक में गैरहाजिर रहे। थरूर इससे पहले नवंबर में कांग्रेस की दो बड़ी बैठकों में शामिल नहीं हुए थे। पहली बैठक 30 नवंबर को हुई थी। यह रणनीतिक बैठक सोनिया गांधी ने बुलाई थी। दूसरी बैठक 18 नवंबर को हुई थी। इसमें SIR प्रक्रिया को लेकर पार्टी की रणनीति पर चर्चा हुई थी।

**थरूर ने सफाई दी- मीटिंग छोड़ी नहीं, प्लेन में थाः** थरूर ने सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाली रणनीति बैठक अटेंड नहीं करने के सवाल पर 1 दिसंबर को संसद के बाहर मीडिया को जवाब दिया। उन्होंने कहा- मैंने बैठक छोड़ी नहीं थी, मैं केरल से आ रहा था और प्लेन में था। मीडिया



रिपोर्ट्स में कहा गया थरूर अपनी 90 साल की मां का जन्मदिन मनाने के लिए केरल गए थे।

**पार्टी मीटिंग से एक दिन पहले PM के साथ कार्यक्रम में गए थेः** 18 नवंबर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (SIR) पर कांग्रेस सांसदों की एक अहम बैठक बुलाई थी। थरूर इसमें भी शामिल होने नहीं पहुंचे। बाद में उन्होंने खराब स्वास्थ्य का हवाला दिया। हालांकि, इससे एक दिन पहले वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक निजी कार्यक्रम में शामिल हुए थे। थरूर ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के भाषण की तारीफ करते हुए उनकी तस्वीरें भी पोस्ट कीं। कई कांग्रेस नेताओं ने इसको लेकर थरूर की आलोचना की थी।

**कांग्रेस नेताओं ने कहा- थरूर को कांग्रेस**

**◆ कोलकाता में दोस्त की शादी में गए, लगातार तीसरी बार कांग्रेस मीटिंग अटेंड नहीं की**

**छोड़ देनी चाहिएः** कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनाते और संदीप दीक्षित ने प्रधानमंत्री के भाषण को खारिज करते हुए थरूर की टिप्पणियों पर सवाल उठाए। संदीप दीक्षित ने तो यहां तक कह दिया कि अगर थरूर को प्रधानमंत्री इतने प्रभावशाली लगे तो उन्हें कांग्रेस छोड़ देनी चाहिए।

**पुतिन के डिनर में थरूर को बुलाया, राहुल-खड़गे को न्योता नहींः** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे पर उनके सम्मान में 7 दिसंबर को राष्ट्रपति भवन में डिनर आयोजित किया गया था। इसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को निमंत्रण नहीं दिया गया है। हालांकि, कांग्रेस के ही सांसद शशि थरूर को बुलाया गया था। थरूर के न्योता स्वीकार करने पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा- अगर हमारे नेता को बुलाकर हमें बुलाया गया, तो हमें अपनी अंतरात्मा से सवाल करना चाहिए। किसे बुलाया है और किसे नहीं, इसमें राजनीति खेली गई है। इसे स्वीकार करना भी सवाल उठाता है।

# व्हाइट हाउस ने ट्रम्प की बीमारी की अफवाह खारिज की, कहा- हैंडशेक करने से निशान बने

**एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को गंभीर बीमारी होने की अफवाह फिर से तेज हो गई हैं। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से बार-बार ट्रम्प के दाहिने हाथ पर बैंडेज और नीले-लाल निशान दिखाई दिए। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि ट्रम्प किसी बीमारी से जूझ रहे हैं या तो उन्हें हाथ में कोई इंजेक्शन लग रहा है। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलाइन लेविट ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इन सभी अफवाहों को खारिज कर दिया। उन्होंने बताया कि ये निशान सिर्फ ज्यादा हैंडशेक करने की वजह से हैं। ट्रम्प हर दिन सैकड़ों-हजारों लोगों से हाथ मिलाते हैं, जिससे ऐसे निशान बन जाते हैं। इसके अलावा बढ़ती उम्र के कारण त्वचा पतली हो जाती है, जिससे मामूली दबाव या रगड़ से भी आसानी से नीला निशान (ब्रूइज) पड़ जाता है। वहीं, ट्रम्प ने अफवाहों को लेकर कहा कि वो पूरी तरह से परफेक्ट हैं। ये निशान ज्यादा काम



करने और मेहनत करने के कारण बने हैं।

यह पहली बार नहीं हुआ है। इसी साल 2025 के शुरुआती महीनों में भी (फरवरी-मार्च के आसपास) ट्रम्प के दाहिने हाथ पर बड़ा सा नीला-बैंगनी निशान दिखाई दिया था। उस समय भी फोटो वायरल हो गई थीं। तब भी व्हाइट हाउस ने यही स्पष्टीकरण दिया था कि राष्ट्रपति का रोज का रूटीन इतना व्यस्त होता है कि लगातार हैंडशेक करने से ऐसा हो जाता है। उस समय ट्रम्प ने खुद टुथ सोशल पर लिखा था, "मैं बिल्कुल ठीक हूं, ये लोग बस मेरी उम्र और सेहत को लेकर झूठ फैला रहे हैं।"

**ट्रम्प बोले- टेस्ट करवाता हूं, यह मेरा कर्तव्यः** इस बार भी

**ट्रम्प बोले- मेरे जैसा मेहनती राष्ट्रपति कोई नहीं**

ट्रम्प ने बुधवार रात को लंबा पोस्ट लिखकर सभी अफवाहों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वे शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से परफेक्ट स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि उनसे ज्यादा मेहनत करने वाला कोई राष्ट्रपति आज तक नहीं हुआ, और जो मीडिया उनके स्वास्थ्य पर सवाल उठा रहा है, वो फेक न्यूज फैला रहा है। ट्रम्प ने इसे "सेडिशन (राजद्रोह) कहा। ट्रम्प ने आगे कहा, 'मैं वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में डॉक्टरों की देखरेख में लंबे, गहन और बेहद थकाने वाले टेस्ट करवाता हूं। मैं ये परीक्षण इसलिए करता हूँ क्योंकि यह हमारे देश के प्रति मेरा कर्तव्य है।'

टअमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि उन्होंने MRI जांच में 100% स्कोर किया है। हालांकि उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता किस बॉडी पार्ट की जांच हुई. 1 दिसंबर को फ्लोरिडा से वॉशिंगटन लौटते समय एयर फोर्स वन में पत्रकारों ने बातचीत में ट्रम्प से उनके हालिया MRI और स्वास्थ्य रिपोर्ट को लेकर सवाल पूछा गया। CBS न्यूज की वेइजिया जियांग ने ट्रम्प से पूछा कि MRI किस हिस्से का हुआ था। इस पर ट्रम्प बोले, 'मुझे नहीं पता। पर यह दिमाग नहीं था, क्योंकि मैंने कॉग्निटिव टेस्ट में 100% स्कोर किया है।' इससे पहले मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज ने ट्रम्प को उनकी मेडिकल रिपोर्ट सार्वजनिक करने की चुनौती दी थी। ट्रम्प ने कहा कि वे अक्टूबर में वॉल्टर रीड मिलिट्री मेडिकल सेंटर में हुए अपने परफेक्ट हेल्थ चेकअप की रिपोर्ट जारी करने को तैयार हैं। व्हाइट हाउस के डॉक्टर सीन बारबाबेला के मुताबिक, अक्टूबर में ट्रम्प का लेब टेस्ट, एडवांस्ड इमेजिंग और प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप हुए थे। डॉक्टर का कहना है कि ट्रम्प की कार्डियक (हृदय) उम्र उनकी वास्तविक उम्र से लगभग 14 साल कम बताई गई है।

# गोवा अग्निकांड- क्लब मालिकों को भारत लाया जा रहा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

गोवा के नाइट क्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' आग मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड से भारत लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। थाईलैंड पुलिस ने गुरुवार (11 दिसंबर) को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया था। थाई पुलिस अब दोनों को बैंकॉक के सुवर्णभूमि एयरपोर्ट ले गई है। यहां दोनों को भारतीय एजेंसियां अपनी कस्टडी में लेंगी। इसके बाद उन्हें सुआन फू इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर ले जाया जाएगा। पासपोर्ट रद्द होने के कारण भारतीय दूतावास इनके लिए इमरजेंसी ट्रैवल सर्टिफिकेट जारी करेगा। चूंकि, थाईलैंड से गोवा के लिए सीधी उड़ान नहीं है, इसलिए लूथरा ब्रदर्स को बैंकॉक से पहले दिल्ली, फिर गोवा ले जाया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में करीब 4 दिन लगेंगे। सोमवार तक दोनों भाइयों के दिल्ली पहुंचने की संभावना है। दिल्ली पहुंचते ही गोवा पुलिस दोनों को हिरासत में लेगी। इधर, लूथरा ब्रदर्स को लेकर एक नया खुलासा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक,




**बैंकॉक में भारतीय एजेंसियों के हवाले किए जाएंगे, पूरी प्रॉसेस में 4 दिन लगेंगे**


सौरभ और गौरव, बर्च क्लब के अलावा अन्य 42 कंपनियों से भी जुड़े हैं, जिनमें कई सिर्फ कागज पर मौजूद हैं। ये सभी कंपनियां दिल्ली में एक ही पते (2590, ग्राउंड फ्लोर, हडसन लाइन, नार्थ वेस्ट दिल्ली) पर रजिस्टर्ड हैं। कॉर्पोरेट रिकॉर्ड से पता चलता है कि लूथरा भाई फर्जी कंपनियों और लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप (LLPs) में डायरेक्टर या पार्टनर के तौर पर लिस्टेड हैं। ऐसी कंपनियों का इस्तेमाल आमतौर पर बेनामी लेनदेन और मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया जाता है।

# 2 साल में 1951 बार विमान के जीपीएस से छेड़छाड़

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत में पिछले 2 सालों में विमानों के GPS सिस्टम के साथ 1,951 बार छेड़छाड़ की घटनाएं हो चुकी हैं। सरकार ने गुरुवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। GPS विमान को उसकी सही लोकेशन, दिशा और ऊंचाई बताता है। उड़ान के दौरान नेविगेशन में अहम भूमिका निभाता है। GPS डेटा में गड़बड़ी से विमान की दिशा भटक सकती है, जो किसी बड़ी घटना का कारण बन सकती है। कुछ दिन पहले दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, अमृतसर, हैदराबाद, बेंगलुरु और चेन्नई एयरपोर्ट पर भी GPS स्पूफिंग और छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आई थीं। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि वायरलेस मॉनिटरिंग ऑर्गनाइजेशन इसकी जांच कर रहा है। 10 नवंबर को DGCA ने दिल्ली एयरपोर्ट के आसपास GPS स्पूफिंग/जीएनएसएस से छेड़छाड़ की रियल-टाइम रिपोर्टिंग के लिए एसओपी जारी की थी।

**12 दिन में सरकार ने दूसरी बार GPS स्पूफिंग को स्वीकाराः** पिछले 12 दिनों में यह दूसरी बार है जब सरकार ने संसद में GPS स्पूफिंग की घटनाओं को स्वीकारा है। इससे पहले 1 दिसंबर को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने सोमवार को राज्यसभा में कहा था कि, दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (IGI) के ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम (AMSS) में 7 नवंबर को छेड़छाड़ की गई थी। 7 नवंबर को दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन 12 घंटे से ज्यादा प्रभावित रहा था। 800 से ज्यादा डोमेस्टिक और इंटरनेशनल



फ्लाइट्स देरी से उड़ीं जबकि 20 को रद्द करना पड़ा था। नायडू ने सदन में बताया कि वैश्विक स्तर पर रैनसमवेयर-मैलवेयर अटैक का खतरा बढ़ा है। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) अपने IT और क्रिटिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर की सेफ्टी के लिए एडवांस साइबर सिक्योरिटी अपना रहा है। उन्होंने यह जानकारी सांसद एस. निरंजन रेड्डी के सवाल पर दी। रेड्डी ने पूछा था कि क्या सरकार को IGI पर हुई GPS

**सरकार ने 12 दिन में दूसरी बार स्वीकारा, जीपीएस में गड़बड़ी से विमान भटक सकता है**

स्पूफिंग की जानकारी है। DGCA-AAI की इससे बचने की क्या तैयारी है।

**7 नवंबर को क्या हुआ था?ः** दिल्ली एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) के ऑटोमेटिक मैसेज स्विच सिस्टम (AMSS) में शुक्रवार को तकनीकी खराबी आने से फ्लाइटस ऑपरेशन 12 घंटे से ज्यादा प्रभावित रहा था। 800 से ज्यादा डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स देरी से उड़ीं और 20 को रद्द करना पड़ा। सिस्टम में खराबी सुबह 9 बजे आई थी। रात करीब साढ़े 9 बजे ठीक हुई थी। हालांकि गुरुवार शाम को भी शिकायत मिली थीं। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) ने शुक्रवार शाम 8:45 बजे बताया था कि AMSS सिस्टम एक्टिव है और अब ठीक से काम कर रहा है। सिस्टम ग्लिच के कारण दिनभर पैसेंजर्स एयरपोर्ट पर परेशान होते रहे थे। बोर्डिंग गेट के पास लंबी कतारें लगी थीं। उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडार24 के अनुसार सभी फ्लाइट में एवरेज 50 मिनट की देरी हुई थी। दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट लेट होने का असर मुंबई, भोपाल, चंडीगढ़, अमृतसर समेत देशभर के कई एयरपोर्ट्स पर भी दिखा था। दिल्ली से वहां आने-जाने वाली फ्लाइट भी लेट हुईं थीं। इंडिगो, एअर इंडिया, एअर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट और अकासा एयरलाइंस ने दिनभर उड़ानों की जानकारी दी थी।

# न्यूजीलैंड ने दूसरा टेस्ट 9 विकेट से जीता

## वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई

न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में 9 विकेट से हरा दिया है। कीवी टीम ने इस जीत के साथ 3 मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। पहला टेस्ट ड्रॉ हुआ था।

दूसरा टेस्ट महज 3 दिन में खत्म हो गया। शुक्रवार को तीसरे दिन जैकब डफी की शानदार गेंदबाजी के सामने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी सिर्फ 128 रन पर सिमट गई। इस तरह न्यूजीलैंड को जीत के लिए 56 रन का टारगेट मिला। जिसे टीम ने सिर्फ 1 विकेट खोकर हासिल कर लिया। डफी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। सीरीज का आखिरी और तीसरा टेस्ट गुरुवार से बे ओवल में शुरू होगा।

वेस्टइंडीज दोनों पारियों में बड़ा स्कोर नहीं कर सकी वेलिंगटन टेस्ट में वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में 205 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने 9 विकेट के नुकसान पर 278 बनाए। फील्डिंग के दौरान चोटिल हुए ब्लेयर टिकनर ने बल्लेबाजी नहीं की थी। ऐसे में टीम को 73 रन की बढ़त मिली। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी सिर्फ 128 रन पर सिमट गई और न्यूजीलैंड को 56 रन का टारगेट मिला।

डफी ने 5 और माइकल ने 3 विकेट लिए वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन की शुरुआत 32/2 के स्कोर से की। टीम अपनी दूसरी पारी में सिर्फ 128 रन बना सकी। केवेम हॉज ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए।



जस्टिन ग्रीव्स 25, ब्रेंडन किंग 22 और जॉन जॉन कैंपबेल 11 रन बनाकर पवेलियन लौटे। बाकी 7 बैटर्स डबल डिजिट में भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के गेंदबाज जैकब डफी ने 5 विकेट लिए। माइकल रे ने 3 और जैक फोल्क्स ने 1 विकेट हासिल किया।

56 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी कीवी टीम के लिए डेवोन कॉनवे 28 और केन विलियमसन 16 रन बना कर नाबाद लौटे। कप्तान टॉम लैथम 28 बॉल पर 9 रन बनाए। उन्हें एंडरसन फिलिप ने हॉज के हाथों कैच कराया।

### पहले दिन वेस्टइंडीज 205 पर सिमटी

वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टेस्ट बुधवार से वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में शुरू हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की पहली पारी 205 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड के लिए तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। हालांकि वेस्टइंडीज की पारी के 67वें ओवर के दौरान वे चोटिल हो गए। इसके बाद उन्हें स्ट्रेचर पर बाहर जाना पड़ा। डेब्यू कर रहे माइकल रे ने 3 विकेट लेकर शानदार शुरुआत की।

# वैभव सूर्यवंशी ने एक वनडे में 14 सिक्स लगाए

## ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा; भारत ने यूथ वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाया

वैभव सूर्यवंशी ने यूएई के खिलाफ 14 सिक्स लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने शुक्रवार को दुबई में खेले गए -19 एशिया कप मैच में 95 गेंदों पर 171 रन बना दिए। इस पारी में वैभव ने 14 छक्के और 9 चौके के सहारे 180 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की। इसी के साथ वे यूथ वनडे में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के माइकल हिल का 2008 में बना 12 सिक्स वाला रिकॉर्ड तोड़ दिया। 14 साल के वैभव ने महज 56 गेंदों में सेंचुरी पूरी की। उनकी बैटिंग के दम पर भारत ने यूथ वनडे में अपना सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम ने 433 रन बनाए, जो पिछले साल ढाका द्वारा स्कॉटलैंड के खिलाफ बनाए 425 रन के रिकॉर्ड से ज्यादा है। वैभव के साथ एरोन जॉर्ज और विहान मल्होत्रा ने भी 69-69 रन की अहम पारियां खेलीं। भारत 234 रन से जीता भारत ने मुकाबला 234 रन से जीत लिया। 434 रन के लक्ष्य का पीछा करती यूएई की टीम 50 ओवर खेलकर 7 विकेट पर सिर्फ 199 रन ही बना सकी। यूएई की ओर से दो बल्लेबाजों ने फिफ्टी जमाई। उड्डीश सूरी 78* रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि पृथ्वी मधु ने 50 रन जोड़े। भारत की तरफ से 9 गेंदबाजों को आजमाया गया और इनमें दीपेश देवेन्द्रन सबसे सफल रहे, जिन्होंने 2 विकेट अपने नाम किए।



### सैयद मुश्ताक अली में सबसे कम उम्र में शतक

| उम्र | प्लेयर्स | खिलाफ (साल) |
|---|---|---|
| 14 साल 250 दिन | वैभव सूर्यवंशी | महाराष्ट्र (2025) |
| 18 साल 118 दिन | विजय जोल | मुंबई (2013) |
| 18 साल 135 दिन | आयुष म्हात्रे | विदर्भ (2025) |
| 19 साल 25 दिन | शेख रशीद | अरुणाचल प्रदेश (2023) |
| 19 साल 30 दिन | अक्षत रेड्डी | मुंबई (2010) |



### IPL में फिफ्टी लगाने वाले यंगेस्ट प्लेयर

| टीम | खिलाड़ी | उम्र | साल |
|---|---|---|---|
| RR | वैभव सूर्यवंशी | 14 साल 32 दिन | 2025* |
| RR | रियान पराग | 17 साल 175 दिन | 2019 |
| RR | संजू सैमसन | 18 साल 169 दिन | 2013 |
| DC | पृथ्वी शॉ | 18 साल 169 दिन | 2018 |

### वैभव सूर्यवंशी के टॉप रिकॉर्ड

वैभव मुश्ताक अली में शतक लगाने वाले यंगेस्ट बैटर वैभव ने 10 दिन पहले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी शतक लगाया था। 14 साल के वैभव टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने थे। उन्होंने 2 दिसंबर को ईडन गार्डन्स में महाराष्ट्र के खिलाफ 61 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 7 छक्के शामिल थे। साथ ही वैभव 14 की उम्र में 3 टी-20 सेंचुरी लगाने वाले इकलौते प्लेयर हैं। वैभव आईपीएल में फिफ्टी लगाने वाले यंगेस्ट प्लेयर वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में फिफ्टी लगाने वाले सबसे कम उम्र के प्लेयर बने। उन्होंने मात्र 14 साल और 32 दिन में अर्धशतक लगाया। सेकेंड पोजिशन पर कप्तान रियान पराग है, उन्होंने 17 साल 175 दिन में 2019 में फिफ्टी लगाई थी। वैभव टी-20 में शतक लगाने वाले यंगेस्ट बैटर टी-20 क्रिकेट में अब तक के सबसे युवा शतक लगाने वाले खिलाड़ियों में वैभव सूर्यवंशी का नाम सबसे ऊपर आता है। उन्होंने 14 साल 32 दिन की उम्र में राजस्थान रॉयल्स के लिए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 बॉल में शतक पूरा किया। इसके बाद, विजय जोल ने 18 साल 118 दिन में महाराष्ट्र के लिए मुंबई के खिलाफ 2013 में शतक लगाया था।

# भारत की घर में सबसे बड़ी हार

## बुमराह को पहली बार टी-20 इनिंग में 4 सिक्स लगे, अर्शदीप ने 13 बॉल का ओवर फेंका; रिकॉर्ड्स-मोमेंट्स

टीम इंडिया मुल्लांपुर स्टेडियम में अपना पहला इंटरनेशनल मैच हार गई। गुरुवार को साउथ अफ्रीका ने दूसरे टी-20 में भारत को 51 रन से हराकर सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। प्रोटियाज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 213 रन बनाए, जिसके जवाब में भारतीय टीम 19.1 ओवर में 162 रन पर ऑलआउट हो गई। मैच में कई बड़े रिकॉर्ड और दिलचस्प मोमेंट्स देखने को मिले। भारत को घर पर रनों के हिसाब से सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी। जसप्रीत बुमराह को अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में पहली बार एक इनिंग में 4 छक्के लगे। अर्शदीप सिंह ने एक ओवर में 7 वाइड डाल दीं, जिसके कारण उनका ओवर 13 गेंदों का हो गया। वहीं तिलक वर्मा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 में कुल 27 छक्के लगाकर भारतीय बल्लेबाजों में टॉप स्थान हासिल कर लिया।

### दूसरे टी-20 के टॉप रिकॉर्ड्स और मोमेंट्स

1. भारत की टी-20 में घर पर सबसे बड़ी हार-भारत को घरेलू मैदान पर सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी। इससे पहले इंदौर में 4 अक्टूबर 2022 को भी भारत को साउथ अफ्रीका ने 49 रन से हराया था।
2. तिलक वर्मा ने साऊथ अफ्रिका के खिलाफ 27 सिक्स लगाए-तिलक वर्मा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20इंटरनेशनल में भारत की ओर से सबसे ज्यादा 27 छक्के लगाकर पहला स्थान हासिल किया। उनके बाद दूसरे नंबर पर सूर्यकुमार यादव हैं, जिन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 25 छक्के लगाए हैं। तीसरे नंबर पर संजू सैमसन हैं, जिनके नाम 19 छक्के दर्ज हैं।
3. बुमराह को एक टी-20 पारी में 4 सिक्स लगे-जसप्रीत बुमराह को अपने टी20आई करियर में पहली बार एक ही पारी में चार छक्के पड़ गए। यह उनका 82वां टी-20 इंटरनेशनल मैच था। इससे पहले किसी भी मैच में उन्हें तीन से ज्यादा छक्के नहीं लगे थे। उनका पिछला सबसे खराब रिकॉर्ड 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ था, तब उन्हें तीन छक्के पड़े थे।
4. अर्शदीप ने 13 बॉल का ओवर फेंका-अर्शदीप सिंह ने 13 गेंदों का ओवर फेंककर एक अनोखा रिकॉर्ड बना दिया। फुल मेंबर देशों के मैचों में यह अब तक का सबसे लंबा ओवर रहा। साउथ अफ्रीका की पारी का 11वां ओवर करते हुए अर्शदीप ने 7 वाइड फेंक दीं, जिसकी वजह से ओवर 13 गेंदों तक खिंच गया। इससे पहले ऐसा रिकॉर्ड 2024 में बना था, जब अफगानिस्तान के नवीन-उल-हक ने हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ 13 गेंदों का ओवर डाला था।
5. भारतीय बॉलर्स ने 16 वाइड बॉल फेंकी-भारत ने गुरुवार को 16 वाइड गेंदें फेंकीं, जो टी20आई इतिहास में टीम का संयुक्त रूप से दूसरा सबसे खराब प्रदर्शन है। इससे पहले भारत ने 2009 में मोहाली में श्रीलंका के खिलाफ 17 वाइड फेंकी थीं, जो अब भी लिस्ट में सबसे ऊपर है।

2018 में चेन्नई में वेस्टइंडीज के खिलाफ भी भारत ने 16 वाइड डाली थीं। वहीं 2007 में डरबन में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए मैच में भारतीय गेंदबाजों ने 15 वाइड फेंकी थीं।

6. डी कॉक ने 5वीं बार भारत के खिलाफ 50+ स्कोर बनाया-क्विंटन डी कॉक ने भारत के खिलाफ फिर दमदार बल्लेबाजी करते हुए टी-20 में अपना पांचवां 50+ स्कोर बनाया। भारत के खिलाफ इतनी बार 50+ लगाने वाले अन्य खिलाड़ियों में निकोलस पूरन और जोस बटलर भी शामिल हैं, लेकिन फर्क यह है कि पूरन को यह करने में 20 इनिंग्स लगीं और बटलर को 24 इनिंग्स। वहीं डी कॉक ने सिर्फ 12 इनिंग्स में ही यह रिकॉर्ड छू लिया, यानी सबसे तेजी से भारत के खिलाफ 5 बार 50+ स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए।
7. साउथ अफ्रीका ने भारत के खिलाफ टी20आई में अपने दूसरे सबसे ज्यादा छक्के लगाए-साउथ अफ्रीका ने भारत के खिलाफ इस मैच में 15 छक्के लगाकर टी20आई में अपने दूसरे सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड बना दिया। इससे पहले उनका सबसे बड़ा प्रदर्शन 2022 में इंदौर में आया था, तब टीम ने एक ही पारी में 16 छक्के जड़े थे।



# विनेश फोगाट ने ओलिंपिक 2028 के लिए संन्यास वापस लिया

## कहा- आग कभी खत्म नहीं होती; पेरिस ओलिंपिक में 100द्द वजन बढ़ने से डिसक्वालिफाई हुई थीं

**विनेश फोगाट ने संन्यास वापस लेकर कुश्ती में लौटने का फैसला लिया है। वे 2028 में लॉस एंजिलिस ओलिंपिक में हिस्सा लेना चाहती हैं। विनेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, खामोशी में मुझे कुछ ऐसा मिला जिसे मैं भूल गई थी। आग कभी खत्म नहीं होती। विनेश 2024 के पेरिस ओलिंपिक में फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय रेसलर बनी थीं। हालांकि, फाइनल से पहले उनका 100 ग्राम वजन ज्यादा निकला, जिससे वे डिसक्वालिफाई हो गईं। इसके बाद उन्होंने रेसलिंग को अलविदा कह दिया था। विनेश अभी हरियाणा के जुलाना से कांग्रेस विधायक हैं।**

### विनेश ने अपनी पोस्ट में ये कहा...

**मैं अब भी मुकाबला करना चाहती हूं :** विनेश ने सोशल मीडिया पर लिखा, लोग पूछते रहे कि क्या पेरिस अंत था। बहुत समय तक, मेरे पास इसका जवाब नहीं था। मुझे मैट से, प्रेशर से, उम्मीदों से, यहां तक कि अपने सपनों से भी दूर जाने की जरूरत थी। सालों में पहली बार, मैंने खुद को सांस लेने दिया। मुझे अपने सफर का महत्व समझने में समय लगा- उतार-चढ़ाव, दिल टूटना, त्याग, मेरे वो रूप जिन्हें दुनिया ने कभी नहीं देखा। और कहीं उस सोच में, मुझे सच मिला, मुझे अब भी यह खेल पसंद है। मैं अब भी मुकाबला करना चाहती हूं।

**इस बार मैं अकेली नहीं चल रही हूं :** उन्होंने आगे लिखा- उस खामोशी में मुझे कुछ ऐसा मिला जिसे मैं भूल गई थी आग कभी खत्म नहीं होती। यह सिर्फ थकान और शोर के नीचे दब गया था।

डिसिप्लिन, रूटीन, लड़ाई... यह सब मेरे सिस्टम में है। मैं कितना भी दूर चली जाऊं, मेरा एक हिस्सा मैट पर बना रहा। तो मैं यहां हूं, एलए 28 की ओर एक ऐसे दिल के साथ वापस कदम बढ़ा रही हूं जो निडर है और एक ऐसी भावना जो झुकने से मना करती है। और इस बार मैं अकेली नहीं चल रही हूं, मेरा बेटा मेरी टीम, मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा, एलए ओलिंपिक के इस रास्ते पर मेरे छोटे चीयरलीडर के साथ शामिल हो रहा है।

### पेरिस ओलिंपिक के विवाद के बाद लिया था संन्यास


2024 पेरिस ओलिंपिक में कुश्ती में विनेश फोगाट इतिहास रचने के बेहद करीब थीं। वह ओलिंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी थीं। उनके फॉर्म को देखकर गोल्ड जीतने के कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन फाइनल से कुछ घंटे पहले उनका वजन 100 ग्राम ज्यादा पाया गया। इसके चलते उन्हें मुकाबले से बाहर कर दिया गया।

डिसक्वालिफाई होने के 17 घंटे बाद विनेश ने कुश्ती से संन्यास का ऐलान कर दिया था। उन्होंने सुबह 5.17 बजे ट्वीटर पर एक पोस्ट में लिखा था- मां कुश्ती मेरे से जीत गई, मैं हार गई। माफ करना आपका सपना, मेरी हिम्मत सब टूट चुके। इससे ज्यादा ताकत नहीं रही अब। अलविदा कुश्ती 2001-2024, आप सबकी हमेशा ऋणी रहूंगी, माफी। विनेश के डिसक्वालिफाई होने की खबर 7 अगस्त 2024 को दोपहर करीब 12 बजे आई थी।

**ओलिंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला रेसलर थीं विनेश-** विनेश 3 मुकाबले जीतकर 50 द्द्र रेसलिंग ओलिंपिक के फाइनल में पहुंचने वालीं पहली भारतीय महिला रेसलर बनी थीं। सेमीफाइनल में उन्होंने क्यूबा की पहलवान गुजमान लोपेजी को, क्वार्टरफाइनल में यूक्रेन की ओकसाना लिवाच और प्री-क्वार्टरफाइनल में वर्ल्ड चैंपियन जापान की युई सुसाकी को 3-2 से मात दी थी।

# गावस्कर के पर्सनालिटी राइट्स केस में दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश

## गूगल, मेटा और एक्स से 7 दिन में फोटो हटाने को कहा; जानिए क्या है मामला



दिल्ली हाई कोर्ट ने पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर की याचिका पर पर्सनालिटी राइट्स की रक्षा से जुड़े मामले में सोशल मीडिया मीडियम को सात दिन में कार्रवाई करने का निर्देश दिए हैं।

न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने गावस्कर के वकील से कहा कि वह अपनी शिकायतों के संबंध में पहले सोशल मीडिया मध्यस्थों से संपर्क करें।

हाई कोर्ट ने सोशल मीडिया मीडियम को निर्देश दिया कि वे गावस्कर के मुकदमे को ड्ड्झ एक्ट 2021 के तहत एक शिकायत के रूप में स्वीकार करें और 7 दिन में आवश्यक कदम उठाएं। इस एक्ट में सोशल मीडिया से जुड़े दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता शामिल है।

एक दिन पहले फिल्म अभिनेता सलमान खान और तेलुगु अभिनेता जूनियर एनटीआर ने भी अपने पर्सनालिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया था।

कोर्ट ने कहा- अगर सोशल मीडिया मीडियम को गावस्कर द्वारा दिए गए किसी भी 'वेबलिंक' को लेकर कोई आपत्ति हो, तो वे उन्हें इसकी जानकारी दें। अदालत ने गावस्कर (वादी) को निर्देश दिया कि वे जिन यूआरएल को हटाने का अनुरोध कर रहे हैं, उन्हें 24 घंटे में सोशल मीडिया मीडियम को उपलब्ध कराएं।

क्या है पूरा मामला गावस्कर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म और ई-कॉमर्स वेबसाइट द्वारा उनके नाम, तस्वीरें और शख्सियत एवं पहचान के अनधिकृत उपयोग को रोकने तथा पर्सनालिटी राइट्स की रक्षा के लिए हाई कोर्ट का रुख किया था। पर्सनालिटी राइट्स के तहत किसी व्यक्ति को अपनी तस्वीर, नाम या पहचान की सुरक्षा, उन पर नियंत्रण रखने और उनके उपयोग से लाभ प्राप्त करने का अधिकार होता है। इन सेलेब्स के पास हैं पर्सनैलिटी राइट्स ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन से पहले इसी साल मई में एक्टर जैकी श्रॉफ भी कोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी इमेज और वीडियो बदलकर बिना इजाजत मर्चेंडाइज बेचा जा रहा है। उस समय कोर्ट ने उनके पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी राइट्स को भी सुरक्षित किया था। साल 2023 में कोर्ट ने अनिल कपूर की इमेज, वॉयस और उनके %झकास% कैचफ्रेज का गलत इस्तेमाल रोक दिया था। वहीं, नवंबर 2022 में अमिताभ बच्चन की पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी राइट्स की भी सुरक्षा दी गई थी। यह केस अब डिजिटल युग में सेलिब्रिटीज की प्राइवेसी और पब्लिसिटी राइट्स को लेकर एक अहम मिसाल साबित हो सकता है। अदालत की अगली सुनवाई में यह स्पष्ट होगा कि क्या अदालत तुरंत किसी तरह का अंतरिम आदेश पारित करेगी या नहीं।

# मुश्ताक अली ट्रॉफी में नीतीश रेड्डी की हैट्रिक- मध्यप्रदेश फिर भी जीता; हरियाणा ने राजस्थान को हराया

भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने शुक्रवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मध्यप्रदेश के खिलाफ हैट्रिक ली। इसके बावजूद मध्यप्रदेश ने मुकाबले को 4 विकेट से जीत लिया। डीवाई पाटील अकादमी में खेले गए मैच में मध्यप्रदेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। आंध्र प्रदेश की टीम 19.1 ओवर में 112 रन पर ऑलआउट हो गई। मध्यप्रदेश ने 113 रन का टारगेट 17.3 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया। मध्यप्रदेश की ओर से ऋषभ चौहान ने 47 और राहुल बाथम ने नाबाद 35 रनों की पारी खेली। 23 रन देकर चार विकेट लेने वाले शिवम शुक्ला प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

एमपी सुपर लीग पॉइंट्स टेबल के टॉप पर इस जीत के बाद मध्यप्रदेश की टीम ग्रुप ए के सुपर लीग पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है। टीम ने पहले ही मुकाबले को जीतकर 4 अंक हासिल कर लिए हैं। जबकि आंध्र प्रदेश की टीम दूसरे स्थान पर है। ग्रुप बी में हरियाणा ने राजस्थान को 7 विकेट से हराकर पहला स्थान हासिल किया है।

आंध्रा की खराब शुरुआत, 7 बैटर्स दहाई तक नहीं पहुंचे टॉस हारकर बल्लेबाजी कर रहे आंध्र प्रदेश की शुरुआत खराब रही। टीम ने 7 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे। अश्विन हेबर और शेख रशीद खाता नहीं खोल सके। दोनों को त्रिपुरेश सिंह ने पवेलियन भेजा। शुरुआती 13 बॉल पर 2 विकेट गंवाने के बाद श्रीकर भरत और नीतीश कुमार रेड्डी ने पारी संभाली। दोनों ने 50 रन ही जोड़े थे कि वेंकटेश अय्यर ने भरत को कॉट एंड बोल्ड किया। वे 39 रन बनाकर आउट हुए।

कप्तान रिकी भुई ने 11 रन का योगदान दिया। नीतीश रेड्डी ने 25 रन बनाए। मप्र की ओर से शिवम शुक्ला ने 23 रन देकर 4 विकेट झटके। जबकि त्रिपुरेश सिंह ने 31 रन देकर 3 विकेट झटके। राहुल बाथम को दो और वेंकटेश अय्यर को एक विकेट मिला।

रेड्डी ने गवली, हरप्रीत और पाटीदार को पवेलियन भेजा 113 रन चेज कर रहे मध्यप्रदेश ने 14 रन पर पहला विकेट गंवाया। तीसरे ओवर की चौथी बॉल पर नीतीश कुमार रेड्डी ने हर्ष गवली को बोल्ड कर दिया। उन्होंने 5वीं बॉल पर हरप्रीत सिंह और छठी बॉल पर रजत पाटीदार को पवेलियन भेजा। हरप्रीत और रजत खाता भी नहीं खोल सके।

ऐसे में वेंकटेश अय्यर (22 रन) ने ऋषभ चौहान के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। 37 रन पर वेंकटेश के आउट होने के बाद राहुल बाथम ने नाबाद 35 रनों की पारी खेली। आंध्रा के लिए नीतीश कुमार रेड्डी ने 3 विकेट झटके। केवी ससिकांत और सत्यनारायण राजू ने एक-एक विकेट लिए। अंकित की फिफ्टी से जीता हरियाणा पुणे के महाराष्ट्रा क्रिकेट स्टेडियम में हरियाणा ने राजस्थान पर 7 विकेट की जीत दर्ज की। टीम ने 133 रन का टारगेट 16.2 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। कप्तान अंकित कुमार ने 60, अर्श रंगा ने 27 और पार्थ ने नाबाद 27 रनों की पारियां खेलीं।

इससे पहले राजस्थान की ओर से शुभन गरवाल ने 33 और महीपाल लोमरोर के नाबाद 37 रनों के सहारे राजस्थान ने 20 ओवर में 132 रन का स्कोर बनाया था। अंशुल कम्बोज और ईशांत भारद्वाज ने 2-2 विकेट झटके। ईशांत प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

सलिल के शतक के बाद भी हारा पंजाब पंजाब के बैटर सलिल के शतक के बावजूद टीम को अपने पहले सुपर लीग मैच में हार का सामना करना पड़ा। झारखंड ने मुकाबला 6 विकेट से जीत लिया। कुमार कुशाग्र ने 42 गेंदों पर नाबाद 86 रन बनाते हुए टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। पुणे में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी पंजाब ने 6 विकेट पर 235 रन बनाए। सलिल ने मात्र 45 गेंदों में 125 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 11 छक्के और 9 चौके शामिल थे। 236 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए झारखंड ने 18.1 ओवर में मैच जीत लिया। ओपनर ईशान किशन ने 47 रन, अनुकुल रॉय ने 37 रन और पंकज कुमार ने 39 रन का योगदान दिया।





# सुरभि चंदना को मिला वूमेनप्रेन्योर इंडिया अवॉर्ड

टेलीविजन इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री सुरभि चंदना ने एक से बढ़कर एक धारावाहिकों में काम कर दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। अभिनेत्री को हाल ही में वूमेन प्रेन्योर इंडिया अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसकी बात की जानकारी सुरभि ने पोस्ट के जरिए दी। सुरभि चंदना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट किया, जिसके साथ उन्होंने लिखा कि यह सम्मान उनके लिए एक शांत सा पल है, जबकि उनका पूरा करियर शांत नहीं रहा है। उन्होंने लिखा, एक्टिंग के अलावा मैंने अपना म्यूजिक लेबल फील गुड ऑरिजिनल शुरू किया और अब द सेम ब्रैंड के साथ नई कहानियां बनाने की कोशिश कर रही हूं। इन नए रास्तों ने मुझे अंदर से बदल दिया है। अभिनेत्री ने बताया कि इस सफर में चलना बिल्कुल आसान नहीं था। उन्होंने लिखा, इस सफर को तय करने पर कई बार मुझे खुद पर शक हुआ, कई बार फिर से शुरुआत करनी पड़ी और कई बार ऐसा लगा कि अब कुछ नहीं बचेगा, लेकिन फिर भी मैंने हार नहीं मानी और चलती रही, अपना रास्ता बनाती गई। अभिनेत्री ने बताया कि जीवन में आई हर मुश्किल, नाकामी ने उन्हें बदला और हर छोटी जीत ने याद दिलाया कि यह सफर क्यों शुरू किया था?

उन्होंने आखिर में लिखा, मैं इस सम्मान के लिए आभारी हूं, और उन कदमों के लिए, जो मुझे जमीन से जुड़ा महसूस कराती हैं। मैं जीवन में आने वाली कहानियों के लिए उत्साहित हूं। अभिनेत्री ने कुबूल है, इश्कबाज, और नागिन-5 जैसे धारावाहिकों में काम किया है, लेकिन अब उन्होंने टीवी की दुनिया से थोड़ी दूरी बनाते हुए प्रोडक्शन में कदम रखा है। उन्होंने प्रोडक्शन हाउस फील गुड ऑरिजनल्स के बैनर तले सॉन्ग फर्जी रिलीज किया था। गाने में टीवी की जानी-पहचानी एक्ट्रेस शाइनी दोशी और अभिनेता विशाल आदित्य सिंह नजर आए थे।



# प्रियंका चोपड़ा ने अपने करियर के शुरुआती दौर को किया याद

ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में एक इवेंट में अपने शुरुआती करियर के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि जब वो नई-नई अभिनेत्री थीं, तो वो बहुत महत्वाकांक्षी थीं और कोई भी काम मिलता था तो हां कह देती थीं।

## बहुत लालची थी

एक खबर के अनुसार, प्रियंका ने अबू धाबी के ब्रिज समिट के दौरान कहा, मैं अपने करियर के शुरुआती दौर में बिल्कुल चुनिंदा नहीं थी। जो काम मिलता, कर लेती थी क्योंकि काम मिलना अपने आप में बड़ी बात होती है। मैं अपने 20 के दशक में बहुत लालची थी। हर दिन काम करना चाहती थी।

## सफलता के लिए किए कई त्याग

प्रियंका ने बताया कि सफलता के लिए उन्होंने बहुत त्याग किए। प्रियंका ने कहा, मैंने जन्मदिन नहीं मनाए, दिवाली-क्रिसमस नहीं मनाए, और परिवार के साथ समय नहीं बिताया। जब मेरे पापा अस्पताल में थे, तब भी मैं उनके पास नहीं रह सकी। उस उम्र में मुझे इतनी मेहनत करनी पड़ी ताकि आज मैं वह जिंदगी जी सकूं, जो मैं आज जी रही हूं। प्रियंका को आज इस बात की खुशी है कि उन्हें अपनी की हुई मेहनत का फल मिला है। उन्होंने कहा, आज मेरे पास ये लग्जरी है कि मैं फिल्मों को चुन सकती हूं कि कब हां (फिल्म) कहना है और कब ना। अगर मैंने तब इतनी मेहनत न की होती तो आज ये आजादी न मिलती। इसलिए मैं खुद को बहुत-बहुत थैंक यू कहती हूं।

## प्रियंका का वर्कफ्रंट


फिलहाल, प्रियंका इन दिनों निर्देशक राजामौली की फिल्म वाराणसी को लेकर व्यस्त हैं। इस फिल्म में उनके साथ महेश बाबू नजर आएंगे। हाल ही में उनकी हॉलीवुड फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट रिलीज हुई थी। 2026 में उनकी हॉलीवुड फिल्म द ब्लफ रिलीज होगी।

# रणवीर शौरी ने फिल्म धुरंधर को लेकर पेश की अपनी राय

रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर इन दिनों खूब चर्चा में है। यह फिल्म दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी इसे बहुत पसंद किया है। इसी बीच रणवीर शौरी ने धुरंधर को लेकर अपनी राय पेश की है। अभिनेता रणवीर शौरी ने फिल्म देखी और एक्स पर अपनी राय दी। उन्होंने लिखा, सोमवार की रात फुल हाउस के साथ धुरंधर देखी, बहुत मजा आया। यह एक शानदार जासूसी थ्रिलर है। इसमें सिर्फ पाकिस्तान में मौजूद आतंकी सिस्टम के खिलाफ गुस्सा है, बाकी किसी चीज से नफरत नहीं। मुझे समझ नहीं आ रहा कि लोग किस बात की शिकायत कर रहे हैं। आदित्य धर और पूरी टीम ने कमाल का काम किया है, इनकी तारीफ होनी चाहिए।



# रेड सी इंटरनेशनल फ़िल्म फ़ेस्टिवल में कार्तिक आर्यन का बड़ा खुलासा



सऊदी अरब में आयोजित रेड सी इंटरनेशनल फ़िल्म फ़ेस्टिवल में कार्तिक आर्यन ने भारत का प्रतिनिधित्व किया, जहाँ उन्होंने दुनिया भर के दर्शकों और इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के साथ बातचीत की। उनकी मौजूदगी ने ग्लोबल प्लेटफ़ॉर्म पर भारतीय सिनेमा की बढ़ती पहचान को और मज़बूत किया। सेशन के दौरान कार्तिक ने खुलासा किया कि शुरुआत में उन्होंने भूल भुलैया 2 को ठुकरा दिया था। उन्होंने कहा, जब यह फ़िल्म पहली बार मेरे पास आई, तब कोई कहानी नहीं थी, सिर्फ़ एक सीक्वल का आइडिया था। मैं उत्साहित नहीं था। लेकिन भूषण कुमार सर ने मुझे समझाया, फिर हम सबने मिलकर उस पर काम किया और सब कुछ बदल गया। आज मैं जहाँ भी जाता हूँ, बच्चे मुझे 'रूह बाबा' कहकर बुलाते हैं। मुझे ख़ुशी है कि मैंने यह फ़िल्म की। भूल भुलैया 2 और उसके बाद भूल भुलैया 3 कार्तिक के करियर में मील के पत्थर साबित हुईं। रेड सी इंटरनेशनल फ़िल्म फ़ेस्टिवल में किए गए इस ख़ुलासे ने न सिर्फ़ उनके भूल भुलैया से जुड़े सफ़र की झलक दिखाई, बल्कि उनके वैश्विक प्रभाव को भी रेखांकित किया, जो उन्हें बॉलीवुड के सबसे लोकप्रिय सितारों में से एक बनाता है।

# सौम्या टंडन ने अक्षय खन्ना के साथ धुरंधर के पसंदीदा सीन को लेकर कही यह बात

सौम्या टंडन इन दिनों फिल्म धुरंधर की जबरदस्त सफलता का मजा ले रही हैं। यह फिल्म 2025 की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन चुकी है। रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल जैसे सितारों से भरी इस फिल्म को आदित्य धर ने निर्देशित किया है, जो उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक बनाने के लिए मशहूर हैं। हाल ही में फिल्म की एक्ट्रेस सौम्या टंडन ने फिल्म में अपने सबसे पसंदीदा सीन के बारे में बात की।

## फिल्म में सौम्या का किरदार

फिल्म में सौम्या टंडन ने अक्षय खन्ना (रहमान डकैत) की पत्नी उल्फत का किरदार निभाया है। उनका एक खास सीन बहुत चर्चा में है। जिसमें वह अपने पति के लिए सिगार जलाती हैं, ठीक उस वक्त जब रहमान अपने बेटे की हत्या का बदला लेने निकलने वाला होता है। इस सीन में सौम्या का गुस्सा, मां का दर्द और पति का साथ निभाने का जज्बा एक साथ दिखता है, इसलिए दर्शकों को यह सीन बहुत पसंद आ रहा है।

## फिल्म में सौम्या का पहला सीन

सौम्या ने बताया कि धुरंधर में उनका यह सीन उनकी फिल्म का सबसे पहला शूट किया गया सीन था। अमृतसर में अक्षय खन्ना से उनकी पहली मुलाकात भी इसी सीन के दौरान हुई थी। एक फैन ने इस सीन को सबसे दमदार पल बताया था।

## धुरंधर की कहानी

धुरंधर का निर्देशन आदित्य धर ने किया है। फिल्म एक रहस्यमयी लड़के हमजा अली मजारी (रणवीर सिंह) की है, जो रहमान डकैत के गैंग में शामिल होता है, लेकिन असल में वह भारत का जासूस है। वह पाकिस्तान में बड़े लोगों तक पहुंच बनाकर खुफिया जानकारी भारत भेजता है। कुल मिलाकर धुरंधर को दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों से शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म में अक्षय खन्ना के अलावा सौम्या टंडन का किरदार भी खूब सराहा जा रहा है।





# कृतिका कामरा ने गौरव कपूर संग कन्फर्म किया रिलेशनशिप!

एक्ट्रेस कृतिका कामरा पिछले काफी समय से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोर रही थीं। उन्होंने एक तस्वीर शेयर कर यह तो हिंट दिया था कि वह रिलेशनशिप में हैं, पर यह नहीं बताया था कि किसे डेट कर रहे हैं। लगता है अब कृतिका ने अपना रिलेशनशिप ऑफिशियल कर दिया है। वह गौरव कपूर को डेट कर रही हैं, जो टीवी प्रेजेंटर हैं। कृतिका ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें गौरव कपूर भी हैं। इन तस्वीरों पर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं, और एक्ट्रेस को बधाई दे रहे हैं।

## कौन हैं गौरव कपूर?

गौरव कपूर दिल्ली के रहने वाले हैं। उन्होंने माउंट सेंट मैरी स्कूल से अपनी स्कूली पढ़ाई पूरी की और वेंकटेश्वर कॉलेज से ग्रेजुएशन किया। वह एक क्रिकेट और टीवी प्रेजेंटर ही नहीं, बल्कि टीवी एक्टर भी हैं। वह इंडियन प्रीमियर लीग के मैच से पहले के शो, टी20 मैचों की कवरेज, और अपने पॉपुलर यूट्यूब शो ब्रेकफास्ट विद चैंपियंस के लिए जाने जाते हैं। गौरव कपूर ने अपने करियर की शुरुआत एफएम रेडियो से की और बाद में चैनल वी पर वीजे बन गए।

## गौरव कपूर ने डरना मना है से किया था एक्टिंग डेब्यू

गौरव कपूर ने टीवी पर काम करने के अलावा कुछ फिल्मों में भी काम किया है। उन्होंने साल 2003 में फिल्म डरना मना है से एक्टिंग डेब्यू किया था। इसके बाद वह श्श्श, शोले के रीमेक राम गोपाल वर्मा की आग, अगली और पगली, ए वेन्सडे, क्विक गन मुरुगन, चला मुसद्दी ऑफिस ऑफिस और काय पो छे! जैसी फिल्मों में नजर आए।

## गौरव कपूर की पहले हो चुकी है शादी?



गौरव की निजी जिंदगी की बात करें, तो पहले उनकी शादी एक्ट्रेस और मॉडल किरत भट्टल से हुई थी। दोनों ने 2016 में शादी की थी। हालांकि, रिपोर्ट्स हैं कि शायद वो दोनों अलग हो चुके हैं, और इसीलिए गौरव अब कृतिका के साथ रिलेशनशिप में हैं। कृतिका और गौरव के रिश्ते की अफवाहें सोशल मीडिया पर महीनों से चल रही हैं। दोनों को कई बार मुंबई में साथ देखा गया है। कुछ पपाराजी पेज के मुताबिक, कृतिका और गौरव को बांद्रा के मशहूर रेस्टोरेंट में खाना खाते और दोस्तों के साथ समय बिताते देखा गया है। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी उन अफवाहों पर रिएक्ट नहीं किया था। लेकिन अब कृतिका के लेटेस्ट पोस्ट से लग रहा है कि उन्होंने गौरव कपूर संग अपना रिलेशनशिप ऑफिशियल कर दिया है।



# म्यूजिक कंपनी के तले 100 गाने रिलीज करने की तैयारी में हैं विपुल

**फिल्ममेकर विपुल अमृतलाल शाह इन दिनों अपने प्रोडक्शन हाउस के नए विस्तार को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने हाल ही में सनशाइन म्यूजिक और सनशाइन पिक्चर्स डिजिटल नाम के दो नए वर्टिकल लॉन्च किए हैं। विपुल बताते हैं कि म्यूजिक और डिजिटल कंटेंट का विस्तार काफी समय से उनके दिमाग में था लेकिन इसे शुरू करने के लिए सही टीम और उचित वक्त का इंतजार किया जा रहा था। अब म्यूजिक इंडस्ट्री के अनुभवी नाम सुरेश थॉमस टीम भी साथ जुड़ गए हैं, जिससे उनकी प्लानिंग को पंख मिल गए हैं।**

## दर्शकों के दिलों तक सीधे पहुंचने का जरिया है यू-ट्यूब

यू-ट्यूब को कंटेंट रिलीज के एक बड़े प्लेटफॉर्म के रूप में देखते हुए विपुल कहते हैं... ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट अपलोड करने में सख्त शर्ते होने की बातें सुनता जरूर हूं लेकिन मेरी व्यक्तिगत फिल्मों के साथ ऐसा कोई अनुभव नहीं रहा। फिर भी मैं मानता हूं कि यू-ट्यूब लगातार बढ़ता हुआ माध्यम है और दर्शकों के दिलों तक सीधे पहुंचने का यह आज सबसे प्रभावी रास्ता बन चुका है।

## इंडस्ट्री और ऑडियंस हमें हर साल जरूरी सीख देती है...

साल 2025 की सीख पर बात करते हुए विपुल कहते हैं कि... हर साल की तरह इस साल भी इंडस्ट्री ने एक ही बात दोहराई कि कंटेंट ही किंग है। कांतारा और सैयारा जैसी फिल्में इस साल खूब चलीं। अगर आप कंटेंट ही किंग है के फॉर्मूले को सच मानकर आगे बढ़ेंगे, तो बहुत अच्छी बात है। हालांकि, यह सीख फिल्म इंडस्ट्री और ऑडियंस हमें हर साल देती है लेकिन हम सीखते नहीं हैं और यही हमारी कमजोरी है।

विपुल बताते हैं कि मेरी म्यूजिक कंपनी पहले ही साल 100 गाने रिलीज करने की तैयारी कर चुकी है, जिनमें से 40-50 गाने फाइनल हो चुके हैं। यह सभी गाने ऑडियंस के लिए यूट्यूब पर पूरी तरह फ्री उपलब्ध होंगे। हमारा फोकस सब्सक्राइबर बेस बढ़ाने पर नहीं, बल्कि नए रो टैलेंट को मंच देने पर है। हर महीने करीब 6 से 10 गानों की रिलीज की प्लानिंग है।

## मनोज बाजपेयी स्टारर द गवर्नर और जयदीप की हिसाब तैयार हैं...





विपुल ने अपनी दो आगामी फिल्मों के बारे में भी अपडेट दिया कि द गवर्नर और हिसाब तैयार हैं। द गवर्नर में मुख्य भूमिका में मनोज बाजपेयी हैं, अदा शर्मा एक अहम किरदार निभा रही हैं। यह पूर्व गवर्नर की बायोपिक नहीं है, बल्कि उनकी जिंदगी के सबसे बड़े चैलेंज का एक बहुत ही ड्रामेटिक एपिसोड है। इस फिल्म का निर्देशन मराठी इंडस्ट्री के प्रसिद्ध नाम चिन्मय मांडलेकर ने किया है, जो पहली बार हिंदी फिल्म बना रहे हैं। दूसरी फिल्म हिसाब एक अनोखी बैंक रॉबरी प्लॉट पर आधारित है। इसमें जयदीप अहलावत, शेफाली शाह और अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार नजर आएंगे। इसका प्लॉट पूरी तरह फिक्शनल है और आंखें जैसी फिल्मों से बिल्कुल अलग है। यह कहानी सिर्फ एक रॉबरी थ्रिलर नहीं, बल्कि इसमें मजबूत इमोशनल लाइन भी है।

संक्षिप्त समाचार

## नजफगढ़ नाले पर बनेगा कॉरिडोर, झटीकरा से बसई दारापुर तक 57 किमी का रूट मंजूर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार में करीब 10 साल बाद सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान राजधानी की गतिशीलता, जल निकासी क्षमता और शहरी सुरक्षा को बदलने वाले कई महत्वपूर्ण फैसलों को मंजूरी दी गई। बैठक में नजफगढ़ नाले पर 57 किलोमीटर का नया मोबिलिटी कॉरिडोर बनाने का निर्णय हुआ। नाले के दोनों तटों पर कठोर दो-लेन सेवा मार्गों का निर्माण होगा। झटीकरा से छावला ब्रिज, बसई दारापुर के बीच यह मार्ग यूईआर-2, आउटर रिंग रोड और इनर रिंग रोड के समानांतर चलता है, लेकिन वर्षों से इसका उपयोग सीमित था। इस कॉरिडोर के विकसित होने पर प्रमुख सड़कों पर ट्रैफिक का भार कम होगा, औद्योगिक जुड़ाव बढ़ेगा और पश्चिम व दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में 453 करोड़ की लागत से झटिकरा से बसईदारापुर तक दोनों तरफ सेवा मार्गों (सर्विस लेन) के निर्माण कार्य को मंजूरी दी गई। वहीं, नजफगढ़ नाले में जमा 91 लाख घन मीटर पुरानी गाद को हटाने के लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। बोर्ड ने सड़क को चौड़ा करने, एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने और वैज्ञानिक गाद निस्तारण जैसे उन्नत मोबिलिटी उपायों की संभावनाओं का भी अध्ययन करने के निर्देश दिए। आधुनिक ड्रेनिंग सिस्टम, एंफिबियस मशीनें और हाइड्रोलिक उपकरणों से लैस अनुभवी एजेंसियों को इन कार्यों में शामिल किया जाएगा। पर्यावरण-अनुकूल और वैज्ञानिक गाद निस्तारण प्रणाली भी इस प्रक्रिया का हिस्सा होगी। मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि कई वर्षों तक नालों की अनदेखी की गई, जिसके कारण जलभराव, ट्रैफिक जाम और अस्वच्छ वातावरण की समस्या बढ़ी। हमारी सरकार मिशन मोड में इस उपेक्षा को सुधारने का काम कर रही है। इसपरजल्द कार्य शुरू होगा। घनी आबादी वाले पूर्वी दिल्ली क्षेत्रों को राहत देने के लिए ट्रंक नाला नंबर-1 के साथ एलिवेटेड रोड निर्माण का व्यवहार्यता अध्ययन भी मंजूर किया गया है। यह कॉरिडोर भीड़भाड़ कम करेगा, आवागमन सुव्यवस्थित करेगा और आवासीय व व्यावसायिक क्षेत्रों तक सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करेगा। शाहदरा लिंक ड्रेन का सौंदर्यीकरण किया जाएगा, जिसमें पैदल मार्ग के साथ बारापुला मॉडल पर आधारित सार्वजनिक स्थाननों का विकास होगा। इन कार्यों से गांधी नगर, सीलमपुर, मुस्तफाबाद और आसपास के क्षेत्रों को विशेष लाभ मिलेगा। इस परियोजना से सड़कों पर वाहनों का दबाव कम होगा। इससे लोगों को अवाजाही में सहूलियत होगी। जाम की समस्या नहीं होगी।

## दिल्ली सरकार में 10वीं पास के लिए एमटीएस के 714 पदों पर भर्ती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड ने दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में एमटीएस यानी मल्टी टास्किंग स्टाफ के पदों पर बंपर भर्ती निकाली है। एमटीएस के 714 पदों के लिए 10वीं पास अभ्यर्थी 17 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 के बीच ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। उम्मीदवारों को एप्लाई करना होगा। रिक्तियों में 302 पद अनारक्षित हैं। ओबीसी के लिए 212, एससी 70, एसटी 53 और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 77 पद आरक्षित हैं। डीएसएसएसबी एमटीएस भर्ती की खास बात यह है कि इसमें सिंगल टियर एग्जाम होगा। सिर्फ एक चरण में लिखित परीक्षा होगा। सिर्फ एक चरण में लिखित परीक्षा होगी। दो घंटे की परीक्षा में 200 अंकों के 200 एमसीक्यू टाइप प्रश्न पूछे जाएंगे। पेपर 2 घंटे का होगा। पेपर में जनरल अवेयरनेस, जनरल इंटेलिजेंस व रीजनिंग, अरिथमेटिकल व न्यूमेरिकल एबिलिटी, हिंदी भाषा व कॉम्प्रीहेंशन, इंग्लिश लेंग्वेज व कॉम्प्रीहेंशन से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे।

# शानदार रात्रिभोज के बाद ही होने लगी चर्चा

### अगला डिनर कब देंगे पीएम मोदी?

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार की रात को अपने आधिकारिक आवास पर डिनर आयोजित किया था। इसमें भाजपा समेत एनडीए के सभी सांसद पहुंचे थे। भाजपा नेता गुरु प्रकाश पासवान ने कहा कि इस डिनर का मकसद कुछ और नहीं बल्कि संवाद था। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी संवाद में यकीन करते हैं। वहीं भाजपा के सीनियर सांसद अनुराग ठाकुर ने तो अगले डिनर की भी जानकारी दे दी। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने बिहार की बंपर जीत के बाद हमें डिनर पर बुलाया था। अब बिहार के बाद अगला भोज बंगाल की जीत के बाद फिर होगा।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि हम सभी कृतज्ञ हैं कि प्रधानमंत्री ने हमें बुलाया और वार्ता की। हम सभी को उनसे मुलाकात करने का मौका मिला। हम सभी एक-दूसरे को जानते ही हैं, लेकिन आप देख सकते हैं कि जब पीएम मोदी के डिनर में सांसद पहुंचे तो कितने खुश थे। सभी लोग पीएम मोदी से मिले और डिनर का आनंद लिया। जानकारी के मुताबिक ज्यादातर सांसद बसों से पहुंचे थे और उनके लिए अलग-अलग टेबलों की व्यवस्था की गई थी। एक टेबल पर 7 से 8 सांसद बैठे थे। इसके अलावा एनडीए में बेहतर समन्वय के लिए यह भी तय किया गया कि भाजपा के सांसदों के साथ टेबल पर कम से कम एक सांसद किसी सहयोगी दल का भी हो।

हर टेबल पर पहुंचकर पीएम मोदी ने किया भोजन का आग्रह

डिनर में मौजूद रहे सांसदों के अनुसार मेजबानी कर रहे प्रधानमंत्री मोदी खुद अधिकांश टेबलों तक पहुंचे और सांसदों से भोजन का आग्रह किया। प्रधानमंत्री के सरकारी आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर गुरुवार शाम को हुए इस विशेष रात्रि भोज में केंद्र सरकार के सभी मंत्री, विभिन्न सहयोगी दलों के सांसद मौजूद रहे। सभी सांसद अलग-अलग समूह में बसों के जरिए प्रधानमंत्री आवास पहुंचे थे। आवास पर 50 से ज्यादा टेबल लगाई गई थीं, जिन पर 7 से 8 सांसदों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। व्यवस्था इस तरह की गई थी कि हर टेबल पर भाजपा के साथ कम से कम सहयोगी दलों का एक सांसद जरूर मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी जिस टेबल पर बैठे थे उसे पर पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा और अन्य सहयोगी दलों के नेता भी मौजूद रहे। सांसदों ने आपस में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इनमें संसद के मुद्दे, सड़क के मुद्दे, राजनीतिक मुद्दे, चुनाव नतीजों और आने वाले चुनाव, विपक्षी दलों के मुद्दे भी शामिल रहे। पार्टी के एक प्रमुख नेता ने कहा कि आपकी संवाद, सहयोग और समन्वय को मजबूत करने के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण पहल रही। खास बात यह रही कि पूरे कार्यक्रम में कोई भाषण नहीं हुआ और संवाद पर जोर रहा। लगभग 2 घंटे तक चले रात्रि भोज में राजग ने अपनी एकजुटता के प्रदर्शन के साथ साफ किया कि गठबंधन और मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा।

# सफदरजंग अस्पताल में बनेगा 1000 बेड का नया मातृ एवं शिशु ब्लॉक

### ● 800 करोड़ रुपये की आएगी लागत




**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में करीब एक हजार बेड के मातृ एवं शिशु ब्लॉक का निर्माण होगा। अस्पताल प्रशासन ने इसके लिए सार्वजनिक क्षेत्र की एक कंपनी को परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है। इस परियोजना पर करीब 800 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है।

अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक, यह कंपनी ही मातृ एवं शिशु ब्लॉक के बहुमंजिले भवन का डिजाइन तैयार कर उसका निर्माण कराएगी। इसके मद्देनजर अस्पताल प्रशासन ने पुराने इमरजेंसी ब्लॉक को तोड़ने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। यहीं पर नए ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। प्रबंधन ने उम्मीद जताई है कि नए वर्ष में इमारत का निर्माण शुरू हो जाएगा। इससे गर्भवती महिलाओं और विभिन्न बीमारियों से पीड़ित बच्चों को इलाज की बेहतर और अत्याधुनिक सुविधा मिल सकेगी।

इस अस्पताल के गायनी विभाग में सबसे ज्यादा मरीज आते हैं। इस वजह से अस्पताल में 30 प्रतिशत भर्ती मरीजों का बोझ गायनी विभाग उठाता है। इसके अलावा पीडियाट्रिक विभाग में भी मरीजों का दबाव अधिक रहता है। इस वजह से इन दोनों विभागों को मिलाकर अस्पताल में करीब 640 बेड आवंटित हैं। इस अस्पताल में वर्ष भर में करीब 27 हजार प्रसव होता है। इस तरह प्रतिदिन औसतन 70 से 75 प्रसव होता है। इसका कारण यह है कि दिल्ली के अलावा एनसीआर से हाई रिस्क प्रेग्नेंसी से संबंधित गर्भवती महिलाएं रेफर होकर सफदरजंग अस्पताल पहुंचती हैं। इस वजह से एक-एक बेड पर दो प्रसूता महिलाएं रहने को मजबूर होती हैं। कई बार प्रसव के बाद गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं को बेड नहीं मिल पाता। ऐसी स्थिति में वे फर्श पर भी रहने को मजबूर होते हैं। इसके मद्देनजर इस अस्पताल में लंबे समय से मातृ एवं शिशु ब्लॉक के निर्माण की जरूरत महसूस की जा रही है। भवन तोड़कर होगा निर्माण = मातृ एवं शिशु ब्लॉक का निर्माण पुराने इमरजेंसी ब्लॉक के भवन को तोड़कर होना है। लिहाजा, इस पुराने इमरजेंसी ब्लॉक को ढहाने का काम भी जल्दी शुरू हो जाएगा। इसके बाद मातृ एवं शिशु ब्लॉक का निर्माण का रास्ता काफी हद तक साफ हो जाएगा। अस्पताल प्रशासन ने इस परियोजना के लिए इस वर्ष अप्रैल में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को सलाहकार नियुक्त करने के मकसद से टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट (इंडिया) लिमिटेड को परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है। इस कंपनी पर परियोजना का डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट), डिजाइन और सभी आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कराकर इस ब्लॉक का निर्माण और संचालन शुरू कराने की जिम्मेदारी होगी।

# नई दिल्ली स्टेशन जाने वालों के लिए महीनेभर रहेगी जाम की मुसीबत

### ● दिसंबर में कनॉट प्लेस, पहाड़गंज और स्टेशन के आसपास ट्रैफिक काफी प्रभावित रहेगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
अगर आप दिल्ली में रहते हैं या नई दिल्ली रेलवे स्टेशन आने-जाने वाले हैं, तो ये खबर आपके लिए ही है। इस महीने नई दिल्ली स्टेशन के आसपास ट्रैफिक जाम की समस्या रहेगी। दरअसल स्टेशन को वर्ल्ड-क्लास बनाने का काम जोरों पर है और इसका असर सेंट्रल दिल्ली की सड़कों पर साफ दिख रहा है। खासतौर पर पहाड़गंज साइड ट्रैफिक की ज्यादा परेशानी रहेगी। ट्रैफिक पुलिस ने अलर्ट जारी करते हुए बताया है कि दिसंबर में कनॉट प्लेस, पहाड़गंज और स्टेशन के आसपास ट्रैफिक काफी प्रभावित रहेगा।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन देश का सबसे व्यस्त स्टेशन है, जहां रोजाना लाखों यात्री, सैकड़ों ट्रेनें आती-जाती हैं। पहाड़गंज साइड का गेट नंबर 1 प्लेटफॉर्म 1 के लिए मुख्य एंट्री है, लेकिन रीडेवलपमेंट के तहत यहां कंस्ट्रक्शन और यूटिलिटी शिफ्टिंग चल रही है। इसकी वजह से रोड स्पेस कम हो गया है और गाड़ियां रेंग रहीं हैं। इसकी वजह से लगातार जाम की स्थिति बन रही है। यह परेशानी 10 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलेगी। ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि चेल्म्सफोर्ड रोड पर बैरिकेड्स लगे हैं, जिससे गाड़ियों की रफ्तार थम सी गई है।

ट्रैफिक पुलिस ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस का कहना है कि स्टेशन जाने वाले यात्री अजमेरी गेट साइड का इस्तेमाल करें। पहाड़गंज साइड के गेट नंबर 1 के आसपास अनावश्यक घूमने से बचें। यात्रा पहले से प्लान करें, ताकि आखिरी मिनट में भागदौड़ न हो। साइट पर तैनात पुलिसवालों की बात मानें और टेम्परेरी डायवर्जन साइन्स फॉलो करें।

## ओटीटी सब्सक्रिप्शन के नाम पर विदेश में एनआरआई लोगों से करते थे ठगी, 24 साल की सरगना समेत 6 अरेस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नोएडा फेज-वन थाना पुलिस ने गुरुवार को एनआरआई से ठगी के लिए कॉल सेंटर चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। टीम ने गिरोह की सरगना युवती समेत छह लोगों को दबोचा। आरोपी भारत-पाकिस्तान और अन्य देशों के ओटीटी प्लेटफॉर्म का सब्सक्रिप्शन देने के नाम पर 100 से 300 डॉलर तक की ठगी कर लेते थे। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि फेज-वन थाना पुलिस और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई की है। सूचना के आधार पर सेक्टर-दो में वेबबिज सर्विस एलएलसी नाम की कंपनी में छापा मारा। मौके से छह लोगों को हिरासत में ले लिया। इनकी पहचान सेक्टर-82 स्थित केंद्रीय विहार में रहने वाली तनिष्का, वृंदावन निवासी अनिल बघेल, गौरव, राधा बल्लभ, योगेश बघेल और बिहार के सारन जिला निवासी मनीष कुमार के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह लोग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों को भारतीय, पाकिस्तानी और अन्य देशों के ओटीटी प्लेटफॉर्म का सब्सक्रिप्शन कम दामों में अवैध रूप से उपलब्ध कराते हैं। आरोपी अपनी कंपनी के नाम पर विदेश में रहने वाले भारतीय नागरिकों को ओटीटी प्लेटफॉर्म के विभिन्न सब्सक्रिप्शन चैनलों के कंटेंट को बिना किसी लाइसेंस के रिकॉर्ड करते हैं। इसके बाद उसकी कॉपी को प्रसारित करते हैं, जैसे कि उपभोक्ता को वैध रूप से सब्सक्रिप्शन दिया जा रहा हो।

# ऑस्ट्रेलिया में स्काई-डाइविंग के दौरान पैराशूटिस्ट हवा में लटका

### कूदते समय विंग में फंसा; 15,000 फीट की ऊंचाई पर था एयरक्राफ्ट



**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में स्काई डाइविंग के दौरान एयरक्राफ्ट से कूदते समय स्काई डाइवर का इमरजेंसी पैराशूट अचानक खुल गया। पैराशूट विमान के पिछले विंग में फंस गया, जिससे वह 15,000 फीट की ऊंचाई पर हवा में लटका रह गया। यह घटना नॉर्थ फ्री-फॉल क्लब की उड़ान के दौरान हुई। ऑस्ट्रेलिया ट्रांसपोर्ट सेफ्टी के अनुसार, जब पैराशूट फंसा, तो प्लेन की स्पीड अचानक कम हो गई, जिससे पायलट को लगा कि प्लेन रुक गया है। इसी समय 13 पैराशूटिस्ट को एयरक्राफ्ट से कूदते हुए देखा गया। फंसे हुए पैराशूटिस्ट ने सभी 11 रस्सियां काट दीं और खुद को आजाद कराया।

विंग में फंसे हुए स्काई डाइवर ने अपना मेन पैराशूट खोलकर लैंड किया। उसे मामूली चोटें आईं। इसके बाद पायलट ने मेडे कॉल किया और प्लेन छोड़ने और खुद कूदने की तैयारी करने लगा। हालांकि, थोड़ी मशक्कत के बाद प्लेन जमीन पर लैंड हो गय। सुबह करीब 10 बजे, पायलट ने विमान की स्पीड कम कर दी और स्काई डाइवरों को कूदने का संकेत दिया। इसी बीच, पहला स्काई डाइवर, जो फ्लोट पोजीशन लेने के लिए विमान के रोलर डोर के पास पहुंच रहा था, विमान के विंग फ्लैप से टकराने के बाद अपना रिजर्व पैराशूट खोल बैठा। अचानक लगे झटके से स्काई डाइवर विमान से पीछे की ओर खिंच गया और कैमरा ऑपरेटर का भी संतुलन बिगड़ गया और वह फंस गया।

## पत्नी की हत्या कर डेडबॉडी के अंगो की ब्लेंडर में बना दी प्यूरी... पूर्व मिस स्विट्जरलैंड के पति पर आरोप तय

**स्विटजरलैंड, एजेंसी।**
मिस स्विटजरलैंड की पूर्व फाइनलिस्ट क्रिस्टीना जोक्सिमोविच की हत्या का आरोप उनके पति पर लगा है। स्विस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने गुस्से में आकर लाश के टुकड़े-टुकड़े कर दिए और फिर उन टुकड़ों को ब्लेंडर में डालकर प्यूरी की तरह बना दिया था। फाइनलिस्ट क्रिस्टीना जोक्सिमोविच का नाम थॉमस है।

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का कोर्ट के दस्तावेजों के अनुसार, मॉडल की बॉडी को जिगसॉ चाकू और गार्डन वाली कैंची से काटा गया था। जांचकर्ताओं ने पाया कि थॉमस ने इंडस्ट्रियल ब्लेंडर से उसके शरीर के कुछ हिस्सों को काटने से पहले उसकी बच्चेदानी भी निकाल दी थी। अधिकारियों ने बताया कि कुछ बचे हुए हिस्सों को प्यूरी करके एक केमिकल सॉल्यूशन में घोल दिया गया था। द टेलिग्राफ की एक रिपोर्ट बताती है कि पुलिस ने बाद में ब्लेंडर, इसके साथ मसल टिशू से जुड़े स्किन फ्लैप और हड्डी के टुकड़े बरामद किए। कोर्ट के दस्तावेजों में कहा गया कि थॉमस अपनी पत्नी के शरीर के टुकड़े करते समय अपने फोन पर वीडियो देख रहा था।



पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पाया गया कि थॉमस ने कथित तौर पर उसके हिप जॉइंट्स तोड़ दिए, कई हाथ-पैर हटा दिए, उसकी रीढ़ की हड्डी काट दी और आखिर में उसका सिर काट दिया।

न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, मॉडल के अवशेष शुरू में उसके पिता को मिले थे, जिन्होंने घर के लॉन्ड्री रूम में एक काले बैग से सुनहरे बाल निकलते हुए देखे थे। ये बातें एक दोस्त ने बताई थीं। थॉमस ने शुरू में दावा किया था कि उसने अपनी पत्नी को मरा हुआ पाया, लेकिन मार्च में उसने माना कि उसी ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या की थी। उसका आरोप था कि उसने खुद के बचाव में ऐसा किया जब उसने कथित तौर पर उस पर चाकू से हमला किया था।

## कोट-पैंट और हैट..., लाटसाहब बनकर निकले चार अफगानी लड़के; तालिबान ने किया गिरफ्तार

**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान में चार युवक ब्रिटेन की फेमस टेलीविजन सीरिज पीकी ब्लाइंडर्स से प्रेरित होकर उनकी तरह कोट-पैंट और हैट पहनकर लाटसाहब बनकर घूम रहे थे। इसके बाद इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया। वीडियो सामने आने के बाद इन युवाओं पर तालिबानी अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए हिरासत में लिया है। तालिबानी अधिकारियों ने इन चारों अफगानी युवाओं पर विदेशी कल्चर को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। हिरासत में लिए गए चारों युवाओं का नाम असगर हुसैनाई, जलील याकूबी, अशोर अकबरी और दाउद रासा है। इनकी उम्र 20 साल के करीब है। हिरासत में लिए गए चारों युवक हेरात टाउनशिप में ट्रेंच कोट और फ्लैट कैप पहनकर घूमने के लिए जाने जाते थे। इनको अक्सर जिब्राइल टाउनशिप की सड़कों पर घूमते देखा जाता था। जिसे पहले हिरासत में लिया गया और बाद में समझा-बुझाकर रिहा कर दिया गया।



एनडीटीवी में छपी रिपोर्ट के मुताबिक, तालिबानी मंत्रालय के प्रवक्ता सैफ-उर-इस्लाम खैबर ने कहा कि तालिबान किसी भी पश्चिमी, आधुनिक या मीडिया से प्रेरित चीज को अनुचित या गैर-इस्लामिक के रूप में देखता है। तालिबान शासन के तहत अफगानिस्तान सख्त धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों का पालन करता है, खासकर जब कपड़ों की बात आती है। इन चारों को फिल्म अभिनेताओं की नकल करने और अफगान मूल्यों के खिलाफ जाने वाले तौर-तरीकों को दिखाने के लिए हिरासत में लिया गया था।

### लिमिटेड-एडिशन मेड-इन-इंडिया सैंडल लॉन्च करने का फैसला किया है

# आ रही है मेड-इन-इंडिया सैंडल, कीमत होगी 83,000 रुपए

**रोम, एजेंसी।**
इटली का दुनिया-भर में मशहूर लग्जरी फैशन ब्रांड प्राडा एक बार फिर सुर्खियों में है। कुछ महीने पहले उस पर आरोप लगा था कि उसने भारत की पारंपरिक कोल्हापुरी चप्पलों की डिजाइन को बिना क्रेडिट दिए अपने फैशन शो में पेश किया। अब कंपनी ने विवाद से सबक लेते हुए भारत के देसी कारीगरों के साथ मिलकर लिमिटेड-एडिशन मेड-इन-इंडिया सैंडल लॉन्च करने का फैसला किया है।

**कैसे बनेगा नया कलेक्शन?:** रिपोर्ट के मुताबिक, प्राडा भारत के महाराष्ट्र और कर्नाटक के कारीगरों से कुल 2,000 जोड़ी सैंडल बनवाएगा। हर जोड़ी की कीमत होगी 800 यूरो, यानी करीब 83,000 रुपये। कंपनी के सीनियर अधिकारी लोरेंजो बर्टेली ने कहा कि उनका उद्देश्य है कि भारतीय कारीगरी और इटैलियन तकनीक को मिलाकर एक अनोखा प्रोडक्ट दुनिया के सामने लाया जाए। यह सैंडल कलेक्शन फरवरी 2026 से दुनिया भर में 40 प्राडा स्टोर्स और ऑनलाइन उपलब्ध होगा। करीब 6 महीने पहले प्राडा ने मिलान फैशन शो में ऐसे सैंडल पेश किए जो बिल्कुल कोल्हापुरी चप्पलों जैसे लग रहे थे। इंटरनेट पर तस्वीरें वायरल होते ही भारत में लोगों ने नाराजगी जताई। लोगों ने कहा कि प्राडा ने बिना क्रेडिट दिए भारतीय डिजाइन की कॉपी की है। बाद में प्राडा ने यह स्वीकार किया कि यह डिजाइन भारतीय पारंपरिक शैली से प्रेरित थी। अब इसी विवाद के बाद कंपनी ने भारत के दो सरकारी संस्थानों के साथ समझौता किया है= इटली में होगी कारीगरों की ट्रेनिंग प्राडा ने कहा है कि यह साझेदारी कम से कम 3 साल तक चलेगी। इसमें शामिल होगा- भारत के कारीगरों के लिए विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम, इटली में शॉर्ट-टर्म ट्रेनिंग, प्रोजेक्ट में कई मिलियन यूरो निवेश और कारीगरों को उचित और बेहतर भुगतान। मैनेजिंग डायरेक्टर प्रेरणा देशभ्रतार ने कहा कि जब प्राडा जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय ब्रांड किसी कला का समर्थन करते हैं।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com